CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :$28^{\circ}$C
न्यूनतम : $23^{\circ}$C

नई दिल्ली, बुधवार 3 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 152 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा: योगी

पेज 2



राशिद खान ने टी-20 विकटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया

खेल टाइम्स



रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति

सम्पादकीय



फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

पेज 12

# भूस्खलन से सूडान तबाह, 1000 की मौत

## दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच पूरा गांव हुआ दफन, केवल एक व्यक्ति जीवित बचा

खार्तूम, वार्ता

- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने शवों को बरामद करने को यूएन से लगाई गुहार
- हजारों विस्थापितों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण
- इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा

**सूडान के पश्चिमी** क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं। यह आपदा ऐसे समय में आई



है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।

# दूसरे दिन भी फिर दहला अफगानिस्तान

## मरने वालों की संख्या 1411 हुई

काबुल, वार्ता

- दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का फिर आया भूकंप

**अफगानिस्तान में** एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप में मरने वालों की संख्या 1411 के पार हो गई है। जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान में जलालाबाद के पास रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी है। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है।

एक्स पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) के इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

### सोशल मीडिया आर्टिस्ट की पति ने की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति अमन (35) ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी जान बच गई। दंपति के दो पुत्र हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के निवासी हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार तड़के करीब 4:23 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को नजफगढ़ के पुरानी रोशनपुरा में किराये के मकान में महिला की हत्या की सूचना दी थी। इस मकान में वह दंपति अप्रैल 2025 से रह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को 30 वर्ष महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि वह एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट थी और सोशल मीडिया पर उसके 6,000 फॉलोअर्स थे।

### ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए अहम योजना का शुभारंभ

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया और 105 करोड़ रुपये की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को अवसरों की कमी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जीविका निधि का उद्देश्य सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है।

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

## रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

**सेमिकॉन इंडिया** 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और




- सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है, ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीओएमएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवीएंडसी-60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने पीएसएलवी ओरबीटल ईपेरामेंटल मॉड्यूल (पीओईएम-4) के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट एसपीएआरसी 8 आरआईएससी आर्किटेक्चर पर आधारित है।

### उमर खालिद और शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने उमर खालिद, शरजील इमाम, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत में सुनवाई के दौरान उमर खालिद और अन्य की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि उनके मुवक्किल निर्दोष हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। बचाव पक्ष ने साफ किया है कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

# जल आपदा की चपेट में दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड

## उत्तराखंड के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

नई दिल्ली, वार्ता

**पंजाब**, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है।

भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में मंगलवार को कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कालोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कालोनियों में रहने वाले लोगों को



- पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत
- दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कालोनियां खाली कराई गईं

अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए।


भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा (256.8 एमएम) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

# कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी: मोदी

नई दिल्ली/पटना, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी।

बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये



- प्रधानमंत्री ने कहा: यह देश की हर मां का अपमान, ये लोग जहां मिलें उनका विरोध करें

देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादाद में बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं। उन्होंने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी, इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके वो हम सबको छोड़कर चली गई। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गई। पीएम ने कहा कि आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है। जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भूत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

# नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो विमान से पक्षी टकराया

- विमान की नोज को नुकसान, अंदर धंसी
- 5 दिनों में इंडिगो विमान की दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो-6ई812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

प्लेन में 272 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। घटना सुबह 7.01 बजे की है। विमान को 8.50 बजे कोलकाता पहुंचना था। एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान से एक पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नोज (सबसे आगे का हिस्सा) को नुकसान पहुंचा। वह अंदर धंस गई। इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग का यह 5 दिन में दूसरा मामला है। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9.30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जबकि कानून के मुताबिक देश के किसी भी नागरिक के पास सिर्फ एक वोटर आईडी होनी चाहिए। श्री भंडारी ने कहा कि ऐसे में जब श्री खेड़ा का सच सामने आ चुका है तो क्या देश भर में घूमकर आम मतदाताओं के वोटों को फर्जी बताने और वोट चोरी का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अपने पार्टी के नेता के खिलाफ कुछ कार्रवाई करेंगे या कुछ बोलेंगे।

### दो जगह मेरे नाम के लिए आयोग जिम्मेदार : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख श्री खेड़ा ने मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह होने के भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है तो यह आयोग की गलती है। वह मंगलवार को यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म–7 भी भरा है। इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है तो इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

# अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज, सीओ पर गिरी सीएम की गाज

## एसएचओ सहित चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं पर एक दिन पूर्व बाराबंकी के श्रीराम स्वरूप मेमो. रियल विवि में हुए पुलिसिया लाठी चार्ज की घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सीओ हर्षित चौहान को हटाने के साथ ही एसएचओ कोतवाली रामकिशन राणा और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है। जबकि दोषी पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है।

पूरे मामले की जांच आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार को सौपी गयी है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में अभाविप कार्यकर्ताओं और स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही अवैध वसूली और लॉ कोर्स की संबद्धता बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से न होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठी चार्ज कर दिया था। लाठी चार्ज की घटना में दर्जन भर कार्यकर्ता चोटिल हो गए थे। अभाविप अवध प्रांत के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि विविं में लंबे समय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां की लॉ डिग्री की मान्यता नहीं है। ऐसे में लॉ स्टूडेंट्स के साथ धोखा किया गया है।उनका कहना था कि साल 2022 से विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया से संबद्धता के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। जिससे छात्रों को फर्जी झांसा देकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। जब छात्रों ने इस बाबत सवाल किया तो छात्र आदर्श पांडे और अभय राम त्रिपाठी को विश्व. विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब इन मुद्दों पर बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल कुलपति डॉ. विकास मिश्रा से मिलने उनके कार्यालय गया, तो कुल. पति ने छात्रों से संवाद करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग किया। कुलपति के कहने पर पुलिस द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया।

### लाठी चार्ज के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन के रूप में शामिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधानसभा सहित लखनऊ विश्वविद्यालय व कैसरबाग स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संजय प्रसाद होश में आओ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, योगी सरकार मुर्दाबाद, छात्र शक्ति जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में एक दिन पूर्व हुए पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में आज लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान कुछ छात्र जो पहले से ही विधानसभा के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पर मौजूद थे। वह विधानसभा का घेराव करने के लिए मुख्य सड़क पर आ गए।

# उप्र में अगले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में भारी बारिश की सम्भावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत यूपी के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान लखनऊ समेत कई जिलों में सामान्य से भारी बारिश होने की सम्भावना है।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आसमान बादलों से घिरा रहेगा और कुछ स्थानों पर बारिश एवं गरज के साथ बौछारें पड़ने के साथ सामान्यत: बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 31 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं राज्य में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

■ प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित

साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो पिछले छह सालों में शहर के लिए ये मानसून के सबसे अच्छे तीन महीने रहे। लखनऊ में 2020 के बाद से जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में सबसे ज्याादा बारिश हुई है। अब तक कुल 542.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछली बार इतनी भारी बारिश 2019 में हुई थी, जब जून से अगस्त तक कुल 577.7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। राज्य मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने कहा कि अगर हम इस साल के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक 542.7 मिमी बारिश हुई है जबकि पिछले साल 525.9 मिमी बारिश हुई थी। 2023 में यह 483.9 मिमी, 2022 में बहुत कम 351.2 मिमी, 2021 में 450.3 मिमी और 2020 में घटकर 447.8 मिमी रह गई। ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ, सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और अन्य कारणों से अच्छी बारिश हुई। बुधवार तक और बारिश होने की संभावना है और तापमान में एक–दो डिग्री की गिरावट भी संभव है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम था।

## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी15 फैसलों को मंजूरी

# आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्ताव पास किए गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानक. ारी देते हुए नगर विकास मंत्री अरलवद कुमार शर्मा मंत्री ने बताया कि, कानपुर और लखनऊ ई बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। नगरीय परिवहन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई बस सेवा की सुविधा का प्रस्ताव रखा गया था जिसको मंजूरी मिली है। श्री शर्मा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ के 10–10 रूट पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। एक बस की कीमत 10 करोड़ रुपये आयेगा और इसको 12 साल के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक रूट पर एक बस चालाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

### कर्मचारियों के खाते में जाएगी सैलरी

आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे पूरा वेतन कर्मचारी के खाते में जाएगा। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट–2013 के सेक्शन–8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान–प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

सरकार उसकी निगरानी करेगी और भाड़े को नियंत्रित करेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इसके ज़रिये जैम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। श्री खन्ना ने बताया कि सरकार ने आउटसोर्सिंग को लेकर बड़ा फ़ैसला लिया है। सरकार ने इसमें पारदर्शी प्रकिया का प्रावधान किया गया है। इसमें सरकार अब आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### मिलेगा रोजगार

यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। श्री खन्ना ने बताया कि लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। अब चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# यूपी सरकार ने किया 13 पीसीएस का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात 13 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों का तबा. दला कर दिया। एक दिन पहले ही सरकार ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था। सरकार की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार राम प्रकाश को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में भेजा गया है जबकि कुंवर पंकज महोबा में एडीएम (वित्त/राजस्व) होंगे।

नवीन चंद्र को अपर ज़लाधिकारी मेरठ, ज्योति राय को अपर ज़लाधिकारी बलरामपुर, प्रदीप कुमार को उपनिदेशक पशुपालन विभाग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। सुनन्दु सुधाकरण को अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, राकेश लसह को अपर ज़लाधिकारी सुल्तानपुर बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को भी नए पद सौंपे गए हैं जिससे राज्य के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव आया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था।

### महोबा के जिला आबकारी अधिकारी को किया निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजेंद्र प्रसाद वर्मा द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो दिनांक 26 जून को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



सेंसेक्स 80157.88
निफ्टी 24579.60



सोना रु. 104662
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 123281
प्रति किलो



# बिकवाली से प्रमुख सूचकांक में रही गिरावट

मुंबई, वार्ता



■ सेंसेक्स लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ निफ्टी–50 टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ

बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ।

यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520.09 अंक पर खुला था। यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी–50 सूचकांक 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। यह भी 27.95 अंक की तेजी के साथ 24,653 अंक पर खुला था। इसका उच्चतम स्तर 24,758.10 अंक और निचला स्तर 24,522.35 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों में गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.45 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.33, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.15 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गए। पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की तेजी रही। एनटीपीसी में 1.60 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.44, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल, आईटीसी और सनफार्मा के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत चढ़ गया। वित्तीय, बैंकिंग, ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि एफएमसीजी, तेल एवं गैस, रियल्टी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और धातु सेक्टरों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। विदेशों में ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। जापान का निक्केई सूचकांक 0.29 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.24 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33 फीसदी उतर चुका था।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने–चांदी के दाम में बुधवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 169 रुपए बढ़कर 1,04,662 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत 481 रुपए बढ़कर 1,23,281 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,240 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,400 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 और भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,140 रही।

# चावल–गेहूं महंगे, दालों–खाद्य तेलों में घट–बढ़, चीनी के भाव चढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया। गेहूं के दाम भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में उतार–चढ़ाव रहा जबकि चीनी मजबूत हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 94 रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत चढ़कर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब आठ रुपये बढ़कर 3,856.64 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी सात रुपये की मजबूती के साथ 2,856.81 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपये मजबूत हुआ और 3,318.67 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 37 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही। सोया तेल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल 52 रुपये और वनस्पति 27 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल भी 16 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल–दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत करीब 64 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी जबकि अन्य दालों में तेजी रही। चना दाल 11 रुपये और मूंग दाल 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 19 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। उड़द दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। गुड़–चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे। दाल.दलहन : दाल चना 7991.88 रुपये, मसूर काली 8173.05 रुपये, मूंग दाल 10129.40 रुपये, उड़द दाल 10448.47 रुपये, अरहर दाल 10695.89 रुपये प्रति क्विंटल।

# किसानों, ग्रामीण अर्थव्यस्था के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें बैंक

चेन्नई, वार्ता



■ सिटी यूनियन बैंक के स्थापना दिवस समारोह में बोलीं मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि–तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि , केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे–जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान–संचालित अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट–अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा–UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बढ़ाजनी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# दोहरे हत्याकांड का फरार हत्यारा गुजरात से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेलकम इलाके में दोहरे हत्याकांड और अपने तीन पड़ोसियों की हत्या के प्रयास में शामिल आरोपी हसीन हुसैन उर्फ हसीन को अपराध शाखा ने दस साल बाद गुजरात के गोधरा इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर मंगेश त्योगी और रॉबिन त्यागी की के निर्देशन में पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल मिंटू यादव की पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि २०१६ में कोर्ट से चारा सप्ताह की जमानत मिलने के बाद वह वापिस जेल नहीं गया था। २७ मार्च, २००६ को,वेलकम इलाके में पुलिस को अतिक्रमण, झगड़े और दो हत्याओं के संबंध में पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पप्पू (शिकायतकर्ता मोहम्मद इमरान का भाई), अनीशा (शिकायतकर्ता मोहम्मद इमरान की माँ) और हीना (शिकायतकर्ता मोहम्मद इमरान की बहन) को घायल अवस्था में पाया। उन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने पप्पू और अनीशा को मृत घोषित कर दिया। हीना, जिसकी गर्दन पर कई घाव थे, को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था लेकिन उसे बयान के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। मोहम्मद इमरान की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पता चला कि आरोपी व्यक्ति हसीन हुसैन उर्फ हसीन हैदर, नौशाद, दिलशाद, इसरार, रानू उर्फ प्रशांत, शमीम, किशोर और नौशाद पीडिघ्त परिवार के पड़ोसी थे।

२००६ में, एक लडकी शबनम, आरोपी शमीम की बेटी और आरोपी दिलशाद की बहन, नौशाद और किशोरी ने शिकायतकर्ता मोहम्मद के भाई इशरत नामक एक लडके से प्रेम विवाह किया। इमरान ने आरोपी शमीम और उसके परिवार पर गुस्सा जाहिर किया और इसका विरोध किया। इसके बाद दोनों पड़ोसियों के बीच रिश्ते खराब हो गए और कई बार आरोपी के परिवार ने मृतक के परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। २७ मार्च २००६ को मौके का फायदा उठाकर सभी आरोपी मृतक के घर में जबरन घुस आए और पप्पू और अनीशा को कॉन्टैक्ट रेंज से उनके सिर पर गोली मार दी। आरोपियों ने हीना पर चाकुओं से भी हमला कर दिया था। कोर्ट ने आरोपी हसीन हुसैन उर्फ हसीन हैदर, नौशाद, दिलशाद और नौशाद को आजीवन कारावास और ५० हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई और आरोपी रानू उर्फ प्रशांत, शमीम और इसरार को बरी कर दिया था। पैरोल मिलने के बाद, फरारी के शुरुआती दिनों में, वह असम गया जहां वह लगभग ३ साल तक रहा। फिर वह मध्य प्रदेश गया और वहां ३ साल तक रहा।

## बुनियादी जरूरतें पूरा करने को बना चोर, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के शाहदरा थाने की टीम ने कुख्यात वाहन चोर को पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से तीन चोरी के वाहन बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन चोरी के कई मामलों को सुलझा लिया है। आरोपी ने आय की कमी और अपनी बुनियादी जरूरतें पूरा करने के लिए अकेले ही दोपहिया वाहन चुराना शुरू कर दिया। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि २८ अगस्त को एक व्यक्ति द्वारा वाहन चोरी की शिकायत पर शाहदरा थाने के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद एसीपी शाहदरा संजीव कुमार की देखरेख में एसएचओ शाहदरा कन्हैया लाल के नेतृत्व में टीम को क्षेत्र में सक्रिय ऑटो-लिफ्टरों को ट्रैक करने और पकड़ने का काम सौंपा गया।

# हरियाणा से दिल्ली के खेतों की ओर छोड़े जा रहे पानी से फसल हो रही बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के ढांसा गांव में हरियाणा से छोड़ जा रहे अवैध पानी के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। लगभग ५०० एकड़ खेत जलमग्न हैं। हरियाणा के दरियापुर गांव से पानी दिल्ली की ओर मोड़ा जा रहा है साथ ही सीवरेज शोधन संयंत्र से गंदा पानी भी खेतों में छोड़ा जा रहा है। किसान नहरों की सफाई और पक्का करने की मांग कर रहे हैं।

दरियापुर गांव में जलभराव नहीं हो, इसके लिए वहां के लोगों ने एक सड़क के बीचोंबीच पाइप डालकर वहां के खेतों में जमा पानी का निकास दिल्ली की ओर कर दिया है। जमीन की ढाल दिल्ली की ओर है तो पानी आसानी से ढांसा के खेतों में पहुंच जाता है।

अब आज फिर एक बार झाड़ौदा का रुख करते हैं। ढांसा में भी झाड़ौदा की तरह समस्या है। झाड़ौदा गांव में पानी कहां से आता है। यह पूछने पर झाड़ौदा गांव के किसान हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित सीवरेज शोधन संयंत्र का जिक्र करते हैं।

किसानों का कहना है कि सीवरेज शोधन संयंत्र का गंदा पानी दिल्ली के खेतों में छोड़ दिया जाता है। यह काम सीधा नहीं होकर चोरी छिपे किया जाता है। संयंत्र का गंदा पानी वे चुपचाप दिल्ली की ओर छोड़ देते हैं। हरियाणा से सटे गांव की सीमा से कुछ नहरें गुजरती हैं। इन नहरों की देखभाल का दायित्व हरियाणा सरकार के जिम्मे है। जब ये नहरें पानी से लबालब हो जाती हैं तो इसका पानी रिसकर आसपास की खेतों को तर कर देता है।

भूजल स्तर बढ़ा देता है। आसपास की जमीन का भूजलस्तर इस कदर बढ़ा होता है कि इसमें वर्षा का पानी लंबे समय से तक कायम रहता है।किसानों का कहना है कि इस स्थिति से निजात के लिए या तो नहरों की सफाई समय समय पर हो।

# घरों में घुसा यमुना का पानी सीएम ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना का पानी मंगलवार को यमुना खादर सहित राजधानी के कई इलाकों में बाढ़ का पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया । इस स्थिति को देखते हुए लोगों को घरों से राहत शिविर में पहुंचाया गया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार दोपहर को गीता कॉलोनी में यमुना पुल पर बाढ़ की तैयारियों का जायजा लिया और राहत शिविर में पहुंचकर लोगों से बात कर उनकी समस्या जानी। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी ऋषिता गुप्ता व सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात की। इसके बाद सीएम यहां से यमुना बाजार पहुंचीं और वहां के हालात का जायजा लिया। यमुना के पानी से खेतों में खड़ी धान की फसल डूब गई है। किसान इसे लेकर खासे चिंतित हैं। फसलों के नुकसान को लेकर सरकार ने किसानों को नुकसान भरपाई को लेकर आर्थिक मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। उपायुक्त ने किसानों से कहा है कि वह अपने नुकसान को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करें। किसान अपने नुकसान को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करने के लिए तैयार नहीं हैं। क्योंकि २०२३ में जब बाढ़ आई थी, तो किसानों ने अपने नुकसान को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड किया था।

जिले से छह हजार किसानों ने अपने नुकसान का अपलोड किया था। तब तत्कालीन उपमुख्यमंत्री एवं आपदा मंत्री दुष्यंत चौटाला ने किसानों को बोरवेल में मिट्टी भर जाने और कोठरा गिर जाने के नुकसान का मुआवजा देने के बारे में घोषणा की थी। तब सरकार ने किसी भी किसान को नुकसान का एक रुपया भी मुआवजा नहीं दिया था।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राहत शिविर में पहुंचकर लोगों से बात कर उनकी समस्या जानती हुईं।

## एक नजर

### अवैध हथियार की फैक्टरी पकड़ी, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अवैध हथियार फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। डीसीपी उत्तरी दिल्ली राजा बंठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सराय रोहिल्ला थाना पुलिस की टीम ने एक अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ किया और हथियारों का एक बड़ा जखीरा, कच्चा माल सहित, जब्त किया। छापेमारी के बाद टीम ने उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। 6 देसी पिस्तौल, 12 बिना स्क्रू वाली देसी पिस्तौलें और 250 से ज्यादा पिस्तौलों का कच्चा माल जब्त किया गया।

### दिल्ली एनसीआर में देंगे ईवी को बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक अब दिल्ली-एनसीआर में अपनी पकड़ और मजबूत कर रही है। कंपनी का उद्देश्य है कि दिल्ली-एनसीआर में 20 से ज्यादा शोरूम खोले जाएं। इसके साथ ही कंपनी का प्लान है कि इस वित्तीय वर्ष में पूरे उत्तरी भारत में ७०+ शोरूम खोले जाएं।

यह विस्तार हाल ही में लॉन्च की गई रोर ईजेड सिग्मा बाइक की जबरदस्त डिमांड के बाद किया जा रहा है। मीडिया से बात करते हुए, ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, श्दिल्ली-एनसीआर हमारा सबसे मजबूत बाजार बनकर उभरा है, जहां कस्टमर्स की मांग हमारी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है। यह जोश सिर्फ एक ट्रेंड नहीं है, बल्कि यह साफ इशारा है कि इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को यहां बहुत तेजी से अपनाया जा रहा है।

### हस्तनिर्मित कोस्टरों का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया



**नई दिल्ली।** कलाकार फाउंडेशन की और से कलाकारों के द्वारा हस्तनिर्मित कोस्टरों का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह 31 अगस्त, 2025 को लोकायत आर्ट गैलरी, नई दिल्ली में आयोजित किया गया जया अरोड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के कारीगरों को बढ़ावा देना और देश के विविध रचनात्मक डिजाइनों,लोक कलाओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना था। इसमें भाग लेने वाले कलाकारों, जिनमें पेशेवर से लेकर शौकिया कलाकार तक शामिल थे, ने कोस्टरों पर अनोखे और विचारोत्तेजक डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एमडीएफ, रेजिन, जूट, चमड़ा, कैनवास, क्रोशिया और मैक्रम सहित विभिन्न सामग्रियों से बने 555 हस्तनिर्मित कोस्टर बनाने और प्रदर्शित करने के लिए कलाकार एकजुट हुए।

### दिल मद्रासी के गाने का टीजर हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** सिवकार्तिकेयन ने पहली बार मास्टर फिल्ममेकर ए.आर. मुरुगादॉस के साथ हाथ मिलाया है। उनकी यह जोड़ी धमाकेदार एक्शन थ्रिलर दिल मद्रासी लेकर आ रही है। इस ऐलान के बाद से ही फैंस में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है, क्योंकि एक तरफ अमरन के डायनैमिक स्टार हैं तो दूसरी तरफ इंडियन सिनेमा को कई आइकॉनिक ब्लॉकबस्टर देने वाले मास्टर स्टोरीटेलर। श्री लक्ष्मी मूवीज द्वारा बनाई जा रही यह फिल्म एक जोश से भरी शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करती है। इतना तय है कि यह बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचाने वाली है। ऐसे में अब प्यारे कपल को पेश करने वाले गाने कैसे करूं का टीजर रिलीज कर दिया गया है।

# मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए नियमित छिड़काव के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने आज जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि मच्छरों के प्रजनन की सूचना मिलती है तो छिड़काव की अविलंब व्यवस्था की जाए।

इसके लिए सभी पार्षद अपने अपने इलाकों में मच्छरों के प्रजनन पर नजर भी रखें। पार्षद सुबह सुबह लोगों के साथ समय साझा करें ताकि क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी पार्षदों से नियमित जन समस्याओं की सुनवाई करने का आह्वान भी किया। यह बात उन्होने मच्छर जनित बीमारियों के बचाव को लेकर आयोजित बैठक में कही ।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की बरसात बहुत ज्यादा हो रही है और कई जगह जलजमाव हो रहा होगा, अतः ठहरे पानी में टेमिफॉस नामक दवा अवश्य डालें, जिससे मच्छरों का प्रजनन न हो सके। इसी प्रकार उन्होंने आरडब्लूए सदस्य और एनजीओ से भी अनुरोध किया है कि वे जमे हुए पानी में व्यक्तिगत रूप से भी मिट्टी का तेल, पेट्रोल अथवा कीटनाशक डाल सकते हैं। नेता सदन ने कहा कि "दिल्ली में मानसून चरम पर है ऐसे में सभी को मिलकर प्रयास करना होगा कि जल जमाव ना हो । उन्होंने कहा कि जन सहयोग से ही आने वाले समय में जल जनित बीमारियों की रोकथाम हो पाएगी। वाही ने दिल्ली की जनता से अपील करके कहा कि वे अपने घर और आसपास पानी जमा न होने दें, नियमित सफाई रखें और निगम की मुहिम में अपना सहयोग दें। साथ ही बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली निगम जनता को नागरिक सुविधाएं प्रदान के लिए प्रयासरत है।

## घर से निकली किशोरी को परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता १४ वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद करके उसके परिजनों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २७ मई को,डाबरी इलाके से किशोरी अचानक से घर से लापता हुई थी। जिसकी गुमशुदगी उसके परिजनों ने दर्ज करवा दी थी। डाबरी पुलिस ने किशोरी को तलाशने की को. शिश की। नहीं मिलने पर मामला अपराध शाखा को सौंप दिया गया। एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिजनोंस व रिश्तेदारों से पूछताछ की।

# स्पेस क्यूरेटेड ग्लोबल पोर्टफोलियो में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सौंदर्य उद्योग में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जानी-मानी अभिनेत्री एवं आइकन कटरीना कैफ और भारत के अग्रणी ब्यूटी एंड लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन नायका द्वारा स्थापित प्रशंसित भारतीय ब्राण्ड के ब्यूटी ने स्पेस एनके में एक्सक्लुजिव लॉन्च के साथ यूके में प्रवेश किया है।

के ब्यूटी भारत में स्थापित पहला ब्यूटी ब्राण्ड बन गया है, जिसे यूके के सबसे प्रतिष्ठिल लक्जरी ब्यूटी रीटेलर्स में से एक स्पेस एनके पर लॉन्च किया है। जिसमें खासतौर पर साउथ एशियन कम्युनिटी के लिए विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए ब्यूटी प्रोडक्ट्स शामिल हैं। 2019 में स्थापित के ब्यूटी परफोर्मेन्स, देखभाल एवं समावेशन के सिद्धान्तों पर आधारित है। कटरीना कैफ, सह-संस्थापक, के ब्यूटी ने कहा। "ब्राण्ड का विकास मेरी अपनी यात्रा से मेल खाता है, एक अभिनेत्री और ऐसे व्यक्ति के रूप में, मैं ऐसा स्पेस बनाना चाहती थी, जहां सुंदरता सुलभ हो, जो आपको अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति एवं अपने प्राकृतिक रूप को अपनाने के लिए प्रेरित करे।

# चिड़ियाघर में दो और परिंदो के नमूने पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में दो पेंटेड स्टॉर्क और दो ब्लैक-नेक्ड आइबिस के नमूने एवियन इन्फ्लूएंजा (एच५एन१) वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए। तीन पेंटेड स्टॉर्क और एक ब्लैक-नेक्ड आइबिस को उपचार के लिए बाड़े से अलग कर निगरानी में रखा गया है। अब तक जल पक्षी बाड़े में छह पेंटेड स्टॉर्क, दो ब्लैक-नेक्ड आइबिस और चार अन्य प्रवासी पक्षियों की मौत हो चुकी है। चिड़ियाघर प्रबंधन की ओर से एवियन इन्फ्लूएंजा एच५एन१ के प्रसार को रोकने के लिए गहन निगरानी और सख्त जैव-सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। रविवार जल पक्षी बाड़े में किसी भी पक्षी या प्रवासी पक्षी की मृत्यु नहीं हुई है। चिड़ियाघर में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि होने के बाद इसे बीते शनिवार से दर्शकों के लिए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। यह कदम पेंटेड स्टॉर्क और ब्लैक-नेक्ड आई. बस की मौत के बाद लिया गया था, जिनके नमूनों में गुरुवार रात भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी।

# चाकू से गोदकर हत्या करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिंदापुर इलाके में एक हत्या की वारदात में शामिल अशद उर्फ अरशद को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उत्तम नगर, भगवती विहार में रहने वाले बंटी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोप लगाया है कि बीते १७ अगस्त को, उसके चाचा कुलदीप सिंह का रितिक उर्फ डांसर और मुन्ना नाम के दो लोगों से झगड़ा हुआ था। रितिक उर्फ डांसर और मुन्ना ने २-३ लोगों के साथ मिलकर कुलदीप सिंह और शिकायतकर्ता बंटी की पिटाई शुरू कर दी। रितिक उर्फ डांसर ने अपने साथी से चाकू लिया और कुलदीप सिंह के सीने में घोंप दिया। पीडिघ्त को बीएम गुप्ता अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस ने पवन और मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया। जबकि बाकी की तलाश अभी भी जारी है।

एसआई अनुज छिकारा की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी अशद उर्फ अरशद को उस समय पकड़ा,जब वह अपने साथियों से मिलने कटेवाड़ा गाँव आया था। पूछताछ करने पर पता चला कि बीस मई की रात को जब शिकायतकर्ता अजय कुमार अपनी हुंडई एक्सेंट कार से तिलक नगर स्थित घर लौट रहे थे, तो गुजरांवाला अपार्टमेंट के पास उन्हें पांच हमलावरों के एक ग्रुप ने रोक लिया, जिनमें से तीन स्कूटी पर और दो मोटरसाइकिल पर थे। अपराधियों ने जबरदस्ती उनकी कार रोकी, उन्हें बाहर खींच लिया और लाठियों व घूंसों से उन पर बेरहमी से हमला किया। इसके बाद उनमें से एक पीडिघ्त की कार लेकर भाग गया, जबकि बाकी घटनास्थल से भाग गए थे। वह अपने भाई-बहनों में सबसे बड़ा है और अविवाहित है। शराब पीने की आदत और बुरी संगत में पडने के बाद, वह अपनी लत को बनाए रखने के लिए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया।

# कालागढ़ डैम की वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**अफजलगढ़।** कालागढ़ डैम की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। इस संवेदनशील मामले को लेकर शिवसेना के पदाधिकारी आक्रोशित हो गए हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिवसेना के जिला अध्यक्ष संजय राणा ने कहा कि डैम जैसे संवेदनशील स्थल की वीडियो वायरल करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इस हरकत के पीछे शामिल व्यक्ति का तुरंत पता लगाया जाए और उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को हल्के में लेना देशहित के खिलाफ है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई जरूरी है। इस मौके पर जिला महासचिव डॉ. सी.पी. सिंह, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सरोही, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर, नगर भवानी सेना से नगर अध्यक्ष राधा देवी, लक्ष्मी देवी, मंदीप कौर सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में मांग की कि वायरल वीडियो बनाने और फैलाने वालों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाए। पदाधिकारियों का कहना है कि डैम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा से समझौता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की हरकतें भविष्य में बड़े खतरे को जन्म दे सकती हैं। शिवसेना नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। लोग सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर चिंता जता रहे हैं और प्रशासन से उम्मीद कर रहे हैं कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए।

# मानसून में हार्ट हेल्थ बनाए रखने को एक्टिव रहना जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानसून का मौसम, भीषण गर्मी के बाद ताजगी तो देता है, लेकिन कई स्वास्थ्य चुनौतियां भी पेश करता है, खासकर हार्ट डिजीज से पीड़ित लोगों के लिए मानसून का मौसम बेहद गंभीर होता है. संक्रमण के बढ़ते खतरे से लेकर तापमान में अचानक बदलाव तक, बारिश का मौसम अप्रत्यक्ष रूप से दिल की स्थिरता को प्रभावित कर सकता है. यही वह समय है जब डेली हैबिट्स, प्रिवेंटिव हेल्थ कोयर और रेगुलर चेकअप पर ध्यान देना खास तौर से महत्वपूर्ण हो जाता है । कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक व दिल के मशहूर डॉक्टर आर एन कालरा ने बरसात के मौसम को लेकर कहा कि हार्ट डिजीज में वे सभी स्थितियां शामिल हैं जो हार्ट और ब्लड वेसल्स के सामान्य कामकाज में बाधा डालती हैं।




यह एक ऐसा शब्द है जिसमें कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हार्ट वाल्व डिजीज, हृदय की मांसपेशी रोग और जन्मजात हृदय दोष जैसी कई स्थितियां शामिल हैं। यह दुनिया भर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है. हार्ट डिजीज का सबसे आम प्रकार कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) है, जो तब होता है जब दिल तक रक्त ले जाने वाली आर्टरी प्लाक जमा होने के कारण पतली या जाम हो जाती हैं। जिससे दिल को पर्याप्त खून नहीं मिल पाता है, जिससे सीने में दर्द (एनजाइना), सांस लेने में तकलीफ, और थकान जैसे लक्षण हो सकते हैं. गंभीर मामलों में, यह दिल का दौरा या हार्ट रेट रुक सकती है। डॉ.कालरा ने बताया कि मानसून के मौसम में हार्ट हेल्थ को बनाए रखने और अन्य बीमारियों से बचने के लिए एक्टिव रहना बेहद जरूरी है। सप्ताह में कम से कम एक बार घर पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करें, या यदि सलाह दी जाए तो अधिक बार. इससे किसी भी उतार-चढ़ाव का जल्द पता लगाने और समय पर इलाज करने में मदद मिलती है।

# मल्हार 2025 ने रचा सुरों का जादू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के संगीतप्रेमियों के लिए रविवार की शाम यादगार रही, जब अनुराग फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'मल्हार 2025' का मंच सरस्वती म्यूजिक कॉलेज में सजा। बरसात के मौसम के अनुरूप इस कार्यक्रम ने सचमुच श्रोताओं को सुरों की फुहार का अनुभव कराया। पूरे कार्यक्रम में तीनों कलाकार ख्र दिव्यांश श्रीवास्तव (संतूर), उजिथ उदय कुमार (तबला) और वरुण राजशेखरन (घटम) ने साथ मिलकर प्रस्तुति दी। संतूर की मधुर झंकार, तबले की जटिल लयकारी और घटम की गूंजती ध्वनि जब एक साथ गूंजीं, तो सभागार का वातावरण सुरमय हो उठा। यह जुगलबंदी दर्शकों के



लिए एक अनोखा अनुभव थी, जिसने अलग-अलग परंपराओं के वाद्ययंत्रों को एक ही धारा में बहते देखा। श्रोताओं ने पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों और 'वाह-वाह' से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

कई श्रोताओं ने कहा कि यह शाम दिल्ली के सांस्कृतिक परिदृश्य में लंबे समय तक याद की जाएगी। अनुराग फाउंडेशन की संस्थापक ऐलिस गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य है शास्त्रीय संगीत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### जिलाधिकारी ने जारी किए आदेश

# भारी बारिश के चलते एक से 12वीं तक के सभी स्कूल बंद

**गाजियाबाद।** भारी बारिश के चलते गाजियाबाद जनपद में एक से 12वीं तक के सभी स्कूलों में बुधवार को अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ के आदेश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सीबीएसई समेत सभी बोर्ड से संबद्ध स्कूल को बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। हरियाणा के हथनीकुंड से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण गाजियाबाद और बागपत बार्डर के गांवों में बाढ़ जैसे हालात होने के चलते प्रशासन अलर्ट है। यमुना के डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है।



अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट लगातार प्रशासन और सिचाई विभाग के अधिकारियों के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। राउंड द क्लॉक मॉनीटरिंग की जा रही है। गाजियाबाद में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को भी दोपहर बाद से लगातार हुई बारिश से जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है।

इसी के चलते प्रशासन ने बुधवार को 12वीं तक के सभी स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया है। यमुना में जलस्तर बढ़ने से लोनी और ट्रोनिका सिटी में हालात बदतर हो रहे हैं। कई स्थानों पर घरों में पानी घुसने की खबर भी आ रही है। प्रशासन ने लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दी है और साथ अनावश्यक रूप से यात्रा करने की अपील की है।

### खेल प्रेमियों और उभरते खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी, बनेगा स्पोर्ट्स हब

# क्रिकेट से लेकर हॉकी तक खिलाड़ियों को मिलेंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

**गाजियाबाद।** खेल प्रेमियों और उभरते खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। गाजियाबाद में अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम और स्पोर्ट्स सिटी बनने जा रही है।

इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए करीब 300 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है और इसकी अनुमानित लागत लगभग 1700 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जीडीए ने इस परियोजना के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया है।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता के अनुसार, यह प्रोजेक्ट सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू किया जा रहा है।

स्टेडियम निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण पूरा हो चुका है, और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों का ऐसा दावा है कि इसके बनने के बाद गाजियाबाद खेलों का बड़ा केंद्र बनेगा और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर सकेगा।

इस स्पोर्ट्स सिटी में खिलाड़ियों के रहने, प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की पूरी व्यवस्था होगी। अत्याधुनिक क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और एथलेटिक्स मैदान के अलावा इंडोर और आउटडोर स्टेडियम भी बनेगा।

5-स्टार होटल और खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल, आधुनिक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। खिलाड़ियों को वर्ल्ड क्लास ट्रेनिंग और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जरूरी संसाधन भी यहां उपलब्ध होंगे।

# तीन बार डीआर द्वारा निर्वाचन अधिकारी नामित फिर भी नहीं हो पाये डेढ़ साल से चुनाव

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर 15 की शिखर एन्क्लेव सोसाइटी में पिछले डेढ़ वर्ष से अपार्टमेंट ओनर्स असोसिएशन के लम्बित चुनाव नहीं हो पा रहे हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा तीन चुनाव अधिकारी नामित किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक चुनाव नहीं हो पाए हैं। एओए के कई बार आग्रह के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार ने पहली बार जिला गन्ना अधिकारी गाजियाबाद को पिछले वर्ष नवम्बर में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया था।

उन्होंने अपनी अत्याधिक व्यस्तता बताए जाने के कारण निर्वाचन कराने से मना कर दिया। इसके बाद डिप्टी रजिस्ट्रार ने 18




जनवरी 2025 को दूसरी बार अधिशासी अभियन्ता, नलकूप, गाजियाबाद को नया निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। उनके कार्यालय द्वारा भी चुनाव कराए जाने के लिए अपनी असमर्थता जाहिर की गई। तीसरी बार डिप्टी रजिस्ट्रार ने 30 जुलाई 2025 को भूमि संरक्षण अधिकारी गाजियाबाद को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर एक माह के भीतर चुनाव कराए जाने का आदेश पारित किया, लेकिन अभी तक चुनाव नहीं हो पाए हैं। एओए कार्यकारी महासचिव बी०सी० लोहानी ने बताया कि चुनाव पिछले वर्ष जनवरी माह में ही कराए जाने थे। उन्होंने आगे यह भी बताया कि एक महिला द्वारा कार्यकारणी के तीन सदस्यों पर अभद्रता का झूठा आरोप लगाकर एफआइआर दर्ज होने के बाद एओए की पूरी कार्यकारिणी द्वारा 14 जूलाई 2025 को अपना इस्तीफा डिप्टी रजिस्ट्रार को सौंप दिया गया था। समय पर चुनाव न हो पाने के कारण दैनिक कार्यों के अतिरिक्त अन्य सभी खर्चों पर फिलहाल डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा अपने अग्रिम आदेश तक रोक लगायी गई है। जिस कारण परिसर की भलाई के लिए लंबित पड़े विकास कार्यों को कराया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

## बारिश में ढहा गरीब का आशियाना

**स्योहारा।** ग्राम मुकरपुरी में बीती रात हुई भारी बारिश के कारण एक गरीब परिवार का कच्चा मकान अचानक ढह गया। मकान स्वामी सतपाल सिंह प्रजापति पुत्र चेतराम सिंह ने बताया कि वह परिवार सहित इसी जर्जर मकान में रह रहा था। लगातार हो रही बारिश से मकान की दीवारें कमजोर हो चुकी थीं और सोमवार देर रात अचानक भरभराकर गिर पड़ीं। घटना के बाद परिवार के पास सिर छुपाने की जगह तक नहीं बची। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सलीम अहमद व लोकपाल इरशाद अहमद मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद और आर्थिक सहयोग दिलाए जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार को तात्कालिक मदद पहुंचाई।

### जनपद गाजियाबाद में एआई रखेगा कड़ी निगरानी

# ट्रैफिक नियम ही नहीं, अपराध पर भी लगेगी लगाम, जल्द लागू होगा हाईटेक सिस्टम

**गाजियाबाद।** ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट और हाईटेक बनाने की दिशा में गाजियाबाद जिले के अंदर अब बड़ा कदम उठाया जा रहा है। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस मिलकर शहर में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने जा रहे हैं। यह आधुनिक तकनीक न केवल यातायात को नियंत्रित करेगी, बल्कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर भी सख्त निगरानी रखेगी। इस योजना के तहत शहर के 41 प्रमुख चौराहों पर 350 से ज्यादा हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें एएनपीआर कैमरे शामिल होंगे,



जो रेड लाइट जम्प करना, सीट बेल्ट न लगाना या बिना हेलमेट वाहन चलाने जैसी गतिविधियों को रिकॉर्ड करेंगे। इन कैमरों से सीधा डेटा ट्रैफिक पुलिस को मिलेगा, जिससे चालान की कार्रवाई तुरंत की जा सकेगी। चौराहों पर फेस रिकॉग्निशन कैमरे भी लगाए जाएंगे, जो अपराधियों की पहचान और निगरानी में मदद करेंगे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल होगा, जिससे चेहरा स्कैन होते ही अपराधियों की लोकेशन ट्रेस करना आसान हो जाएगा। साथ ही, स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल भीड़ के अनुसार रेड और ग्रीन लाइट अपने आप बदलेंगे। नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि आईटीएमएस की शुरुआत जल्द ही गाजियाबाद में होगी। फिलहाल 50% से ज्यादा काम पूरा हो चुका है, और अत्याधुनिक कंट्रोल रूम भी लगभग तैयार है।

# मोदीनगर पुलिस ने 3 बदमाशों को किया जिलाबदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गाजियाबाद पुलिस कमिशनेरट द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मोदीनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के 3 बदमाशों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही करते हुए उन्हें मेरठ से लगी गाजियाबाद जिले की सीमा पर छोड़ दिया।

एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि मोदीनगर थानांतर्गत गुंडा एक्ट में निरुद्ध बस अड्डा चौकी क्षेत्र की नंदनगरी बस्ती के मनोज पुत्र मुकेश व हिमांशु पुत्र सुरेश उर्फ सूबे सिंह व गो. विंदपुरी चौकी क्षेत्र के विकास पुत्र अशोक कुमार को बैंड बाजे के साथ गाजियाबाद जिले की सीमा से मोदीनगर से बाहर निकाल दिया गया व उन्हें सख्त चेतावनी दी गई है कि यदि इनमें



से कोई भी अगले 6 महीने में गाजियाबाद जिले में दिखाई दिया तो उसे तुरंत जेल भेज दिया जायेगा।

इस दौरान मोदीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश शर्मा,गो. विंदपुरी चौकी इंचार्ज अनीश गौतम,बस अड्डा चौकी इंचार्ज वैभव मलिक सहित अनेकों दरा. ेगा व सिपाही मौजूद रहे।

# दिवाकर मॉडल स्कूल के छात्रों ने बढ़ाया स्कूल का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** दिवाकर मॉडल स्कूल श्याम पार्क एक्सटेंशन के कुछ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने मेवाड़ इंस्टीट्यूट में आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता में प्रतिभागी बन सम्मानित पुरस्कार प्राप्त कर दिवाकर मॉडल स्कूल को गौरवांवित किया। विद्यार्थियों ने वहां आयोजित विभिन्न गतिविधियां मेहंदी, रंगोली, वाद विवाद प्रतियोगिता, जी.के. क्विज, गायन तथा नृत्य कला में अद्वितीय क्षमताओं का प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



दिवाकर मॉडल स्कूल के छात्र शुभम ठाकुर ने अपनी मधुर वाणी व सस्वर गायन से वहां आए दिल्ली एन.सी.आर स्कूलों के अनेक प्रतियोगी छात्रों को प्रतिद्वंदिता में पीछे छोड़ते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही दिवाकर मॉडल स्कूल की छात्रा अन्नया ने अपनी अद्भुत नृत्य कला से कार्यक्रम में समा बांधते हुए नृत्य कला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा आयोजित समूह गान प्रतियोगिता में भी दिवाकर मॉडल स्कूल के छात्र छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर एक बार फिर से साबित कर दिया कि दिवाकर मॉडल में प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी शिक्षा के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिल्पा त्यागी ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनका और दूसरे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया तथा आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। विद्यालय की ओर से हम सभी अभिभावकों के सहयोग पर आभार व्यक्त करते हुए सभी छात्रों और अभिभावकों को बधाई देते हैं।

# धामपुर में अधिवक्ताओं के चैम्बर्स का तकनीकी निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जिला जज बिजनौर संजय कुमार के निर्देश पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की टीम ने सोमवार को तहसील परिसर स्थित अधिवक्ताओं के चैम्बर्स का तकनीकी निरीक्षण किया।

गत शनिवार को जिला जज ने धामपुर पहुंचकर अधिवक्ताओं के चैम्बर्स का निरीक्षण किया था और उपजिलाधिकारी को भवन का तकनीकी मुआयना कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सोमवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग बिजनौर के अवर अभियंता (एई) करनवीर सिंह धामपुर पहुंचे और चैम्बर्स की बिल्डिंग का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विनियमित क्षेत्र धामपुर के जूनियर अभियंता अनिल कुमार, बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट तथा पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह सिसोदिया, गजेंद्र सिंह एडवोकेट भी मौजूद रहे। बाद में एई करनवीर सिंह ने तहसील परिसर में बैठकर भवन संबंधी कागजातों की भी जांच की। तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही आगे की कार्यवाही हेतु जिला जज को भेजी जाएगी।

# गणेश चतुर्थी उत्सव श्रद्धा से मनाया

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा सुनारो वाले मन्दिर में श्री गणेश चतुर्थी का उत्सव पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में नरेश वर्मा एवं उमा वर्मा द्वारा श्री गणेश जी की मूर्ति को 5 दिन के लिए मंदिर परिसर में मंत्र उच्चारण एवं पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ स्थापित किया गया था।

महिलाओं ने प्रतिदिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया, जिसमें मनोहरी भजनों का गायन किया तथा छठे दिवस मंदिर में गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम का समापन भी धार्मिक भावना के अनुरूप तथा श्रद्धा भाव से किया गया। भारी वर्षा भी भक्तों के मनोबल को डिगा, ना सकी। भक्तों



के उत्साह को कम ना कर सकी।

सुमन वर्मा द्वारा छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला आया पवन गणपति का मेला। उमा वर्मा द्वारा शिव के लाल से विनती हमारी लाज रखना गजानन हमारी। पायल वर्मा द्वारा मेरे कीर्तन में रंग बरसाओ आओ आओ गजानन आओ। सीमा द्वारा हमको यह तो बता दो गजानन तुम्हारा जलवा कहां पर नहीं है तथा अन्य भक्तों ने भी मनमोहक भजनों का गायन करके वातावरण को भक्ति मय बना दिया।

इस अवसर पर पूजा वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा, रुक्मणी वर्मा, उमा वर्मा, पूनम वर्मा, पायल वर्मा, सुमन वर्मा, रेनू भारद्वाज, डॉ. सुमन कौशिक, सुधा विश्नोई, रेनू तोमर, मीनू आर्य, सीमा सिन्हा, पूनम सिंह, नीलम, प्रेमवती तथा डॉ. शंकर भारद्वाज, नवीन वर्मा, विपिन वर्मा, नरेश वर्मा उपस्थित रहे। अंत में आरती कर कर तथा भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

# एमएससी रसायन विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी रसायन विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ साइंस एण्ड इंफारमेशन टैक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

रसायन विभाग विभागाध्यक्षा डा. पायल राठी ने बताया कि रूपाली शर्मा ने 7.42 सीजीपीए के साथ प्रथम, इशिता सिंह ने 7.35 सीजीपीए के साथ द्वितीय तथा युक्ता चौहान ने 7.23 सीजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कालेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कालेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह एजुकेशन को बेहतर रूप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व विभाग के अन्य प्रवक्ता श्वेता टोंक, सौम्या वर्मा, आकाश कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारी वर्षा के प्रभाव के दृष्टिगत अलर्ट जारी

## बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करें, संभव हो तो यात्रा करने से बचें

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भारी वर्षा के प्रभाव के दृष्टिगत अलर्ट जारी किया गया है कि तीन सितंबर तक जनपद में बहुत अधिक वर्षा होने की सम्भावना व्यक्त की गई है, जिसके लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय व मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा निम्नलिखित सुझाव एवं उपयव दिये गये है।उन्होंने बताया कि मेघगर्जन, वज्रपात, भारी वर्षा के समय बहुत भारी बारिश के सभावित दुष्प्रभाव- निचले इलाको और सुरंगों में बाढ़ आना, खानो एक खदानों में पानी भरना, नदियों झरनों एवं जलाशयों के जलस्तर में आकस्मिक वृद्धि, कच्चे सुरक्षित तथा अस्थायी ढांचों की माध्यम क्षति, नगर पालिका सेवाओं (पानी, बिजली) आदि में स्थानीय और अल्पकालिन व्यवधान, भारी बारिश के दौरान जलमग्न तथा फिसलन भरी सड़क और खराब दृश्यता के कारण सड़क रेल जल परिवहन ने मामूली मध्यम व्यवधान हो सकता है, बहुत पुरानी इमारतों और असुरक्षित संरचानाओं आदि के लिए खतरे की संभावना आदि हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने भारी वर्षा के संभावित दुष्प्रभाव होने वाले दुष्प्रभाव जैसे निचले इलाको और सुरंगों में जलभराव अस्थायी बाढ़, कच्चे असुरक्षित एवं अस्थायी ढांचों को आंशिक क्षति आदि भी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मेघगर्जन, वज्रपात के समय दृश्यता में कमी, विद्युत व्यवस्था में व्यवधान,यातायात प्रवाह से व्यवधान, प्रॉपटी को नुकसान इमारतों कमजोर संरचनाओं, कच्चे घरों, दीवारों और झोपड़ियों को नुकसान हो सकता है। खिड़किया टूट सकती है और छते क्षतिग्रस्त हो सकती है। हल्की वस्तुए उड़ सकती है। उन्होंने उपरोक्त मेघगर्जन, वज्रपात व वर्षा से बचाव के लिए निम्न उपाय बताए। उन्होंने बताया कि निचले एवं बाढ़ ग्रस्त इलाकों से दूर रहे, आकस्मिक बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्रों से दूर रहे और पेड़ों का आश्रय लेने से बचे। सुरक्षित पक्के घरों के अंदर सुरक्षित आश्रय ले, खतरे के निशान के आस पास बह रही नदियों के आप्लायन मैदानों से दूर रहे। अस्थायी और असुरक्षित संरचानाओं को ठीक से सुरक्षित किया जाना चाहिए या खाली कर दिया जाना चाहिए। बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था बनाए।

# डीएम जसजीत कौर ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्माण अधीन ब्लॉक ए भवन के दूसरे भाग का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था सिडको द्वारा निर्मित किए जाने वाले भवन बी का नक्शा देखा और उसमें निर्माण होने वाले कमरों आदि की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा अब तक का निर्माण कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार प्रगति पर पाया गया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण



सामग्री की लैब जांच कराए और समय-समय पर भवन निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की समय-समय पर खुद भी जांच करते रहें।

**Name Chage**

I, have Changed My Doughter Name From Lavishka To Lavishka Upadhyay For All Future Purpose. Sharad Kumar Upadhyay S/o Sh. Dushyant Kumar R/o-996 Dayal Kunj Arthala Mohan Nagar Ghaziabad.

# यमुना में पानी चढ़ा पुराना लोहे का पुल बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना नदी में जल स्तर के लगातार बढ़ने के कारण पुराने लोहे के पुल को यातायात और सार्वजनिक आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। दिल्ली यातायात पुलिस ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि यह बंद अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। यह कदम नदी के बढ़ते जल स्तर से उत्पन्न होने वाली संभावित सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए उठाया गया है। पुराने लोहे के पुल पर दोनों दिशाओं से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रति. बंधित रहेगा। यह पुल दिल्ली के प्रमुख क्षेत्रों जैसे कश्मीरी गेट, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, रेड फोर्ट, शाहदरा, सीलमपुर, और पूर्वी दिल्ली को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है।

इसके बंद होने से शहर के कई हिस्सों में यातायात व्यवस्था पर असर पड़ने की संभावना है। यातायात पुलिस ने यात्रियों और वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है ताकि असुविधा को कम किया जा सके। कश्मीरी गेट, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, और रेड फोर्ट से आने वाले वाहन अंडर हनुमान सेतु से राजा राम कोहली मार्ग होते हुए गीता कॉलोनी रोड और फिर आउटर रिंग रोड का उपयोग कर सकते हैं। राजघाट और शांति वन से आने वाले वाहन बेला रोड टी-पॉइंट से शांति वन चौक, फिर राजा राम कोहली मार्ग से गीता कॉलोनी रोड की ओर जा सकते हैं। शाहदरा, सीलमपुर, शास्त्री पार्क) से आने वाले वाहन पुस्ता रोड लूप से राजा राम कोहली मार्ग और फिर रिंग रोड का उपयोग कर सकते हैं । अक्षरधाम, मयूर विहार, पांडव नगर से आने वाले वाहन गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से शांति वन चौक और फिर रिंग रोड का उपयोग कर सकते हैं।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के सामने पानी के लिए तरस रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुराना उस्मानपुर गांव के पास दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट होने के बाद भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।दरअसल, पूर्वी दिल्ली में यमुना किनारे बसे इस गांव के लोगों का कहना है कि मौजूदा समय में भी वह पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। करीब २०० से २५० घर वाले इस गांव में लोगों के लिए पीने का पानी नहीं है।

गांव के पास से ही मुख्य सप्लाई पाइपलाइन गुजरती है, मगर गांव के लोग तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंचती। लोगों का आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने पर डीजेबी की ओर से कभी-कभार पानी का टैंकर भेजा जाता है, लेकिन गांव के बाहर के लोग बाल्टियां और ड्रम लेकर कतार में रहकर टैंकर का इंतजार करते हैं और पानी आते ही टैंकर गांव के अंदर पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाता है। बाहर ही लोग पानी भर लेते हैं और गांव के भीतर रहने वाले परिवार प्यासे ही रह जाते हैं। इस स्थिति में गांव के लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूर जाकर खरीदकर पीने का पानी लेकर आना पड़ता है। यमुनापार के सोनिया विहार का मुख्य ट्रीटमेंट प्लांट है, जो पूरे दिल्ली के बड़े हिस्सों को पीने के पानी की आपूर्ति करता है। इसकी क्षमता करीब ६३५ मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) या १४२ एमजीडी (एमजीडी) पानी की ट्रीटमेंट और आपूर्ति करने में सक्षम है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर किया जाएगा 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन १७ सितंबर से लेकर २ अक्टूबर तक देश की राजधानी दिल्ली में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस व सेवा पखवाड़े की जानकारी दी और बताया कि यह सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि जनता के लिए वास्तविक लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा। यह आयोजन उनके उस समर्पण और तपस्या को नमन है, जिसके माध्यम से उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश के विकास और प्रगति को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी यह नहीं देखा कि किस राज्य में किस पार्टी की सरकार है।

उन्होंने सदैव हर राज्य और हर नागरिक के लिए समान रूप से काम किया है। दिल्ली सरकार भी उसी भावना से उनके सम्मान में यह सेवा पखवाड़ा आयोजित कर रही है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन से आरंभ होने वाले इस ल पखवाड़े में दिल्ली सरकार अनेक योजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेगी। इनमें १५० आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन, सघन सफाई अभियान (दिल्ली को कूड़े से आजादी), पांच बड़े अस्पतालों का उद्घाटन के अलावा शिक्षा, आवास, परिवहन, और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी कई अहम परियोजनाएं शामिल होंगी। यह सारे कार्य जनहित से जुड़े तो होंगे ही, साथ ही 'विकसित दिल्ली' की हमारी प्रतिबद्धता को भी आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व से प्रेरणा लेकर सेवा और विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस सेवा पखवाड़े में जनता तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचे और दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

## बुराड़ी में हुई चोरी के मामलों में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के बुराड़ी थाने की टीम ने घर में हुई चोरी के दो मामलों को सुलझाकर चोरी की संपत्ति प्राप्त करने वाले सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए सोने-चाँदी के आभूषण और एक फोन बरामद किया है।आरोपी बुराड़ी थाने का एक सक्रिय अपराधी है, जो पहले दिल्ली के विभिन्न थानों में १३ मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि २९ अगस्त को बुराड़ी इलाके के संत नगर स्थित एक सोसाइटी के दो अलग- अलग फ्लैटों से मोबाइल फोन, नकदी और आभूषण चोरी हुए थे। इसके बाद एसीपी बुराड़ी शशिकांत गौड़ की देखरेख में एसएचओ बुराड़ी गिरीश चंद्र के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने घटनास्थल और आस-पास के क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज प्राप्त की और विस्तृत विश्लेषण के बाद चोरी करने वाले आरोपी कुणाल उर्फ सनी (२६) को बाबा कॉलोनी, बुराड़ी, से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, पता चला कि आरोपी शराब पीने का आदी है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी करता था। आरोपी कुणाल उर्फ सनी ने बताया कि २९.अगस्त की सुबह, वह बुराड़ी इलाके के संत नगर स्थित एक सोसाइटी में घुसा और दो अलग-अलग फ्लैटों से मोबाइल फोन, नकदी और आभूषण चुरा लिए, क्योंकि दोनों फ्लैटों के मुख्य द्वार खुले थे।

# बंद कमरे में मिला महिला का सड़ा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर इलाके में स्थित एक मकान से महिला की सड़ी गली लाश पड़ी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके मकान मालिक से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक प्रेम नगर पुलिस को मंगलवार सुबह भाग्य विहार स्थित मकान में बदबू आने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। मकान का सिर्फ दरवाजा बंद था। कोई अंदर व बाहर से ताला नहीं लगा हुआ था। कमरे में फर्श पर महिला का शव पड़ा था। शव के शरीर पर कीड़े मकोड़े रेंग रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया।

मकान मालिक से पूछताछ करने पर पता चला कि एक हफ्ते पहले एक दंपत्ति अपनी बेटी के साथ रह रहा था। जो चला गया था। इस महिला का भी आधार कार्ड मिला है। महिला का शव इतनी बुरी तरह से सड़ा गला है कि उसकी पहचान करना मुश्किल है।



**'आप' विधायकों के प्रतिनिधि मंडल दिल्ली पुलिस आयुक्त से की मुलाकात को जाते हुए।**

## क्लासरूम में मिल रही इकोलॉजिकल नॉलेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भरतपुर और डीग के स्कूल क्लासरूम में अपने शुभारंभ के बाद से,रंगीत का सोशल इमोशनल और इकोलॉजिकल नॉलेज सीक पाठ्यक्रम अब तक 30,00से अधिक छात्रों को प्रभावित कर चुका है और 900 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित कर चुका है। यह पाठ्यक्रम बच्चों में भलाई, सामाजिक समानता, पारिस्थितिकीय स्थिरता और डिजिटल सिटिजनशिप के क्षेत्र में ज्ञान, आवाज और सक्रियता को बढ़ावा देता है, साथ ही शिक्षकों को नई पेडागॉजिकल जानकारी से सशक्त बनाता है।

"रंगीत की कक्षाओं के कारण मैंने महसूस किया कि बच्चों को उनके माता-पिता के नाम से बुलाने पर उन्हें अच्छा नहीं लगता और यह उनके पढ़ाई पर नकारात्मक असर डालता है। लेकिन अगर आप उन्हें उनके असली नाम से बुलाते हैं, तो पढ़ाई में उनकी रुचि बढ़ती है। प्रेम चंद कटारा, शिक्षक, डीग के अनुसार "मैंने सीक पाठ्यक्रम के श्सोसाइटी अम्ब्रेलाश से 'लड़का लड़की एक समान' मॉड्यूल कक्षा में पढ़ाया। इससे बच्चों में मौजूद रूढ़िवाद और पूर्वधारणाओं को हटाने में बहुत मदद मिली। हमने उन्हें लिंग के अनुसार अलग बैठाने और खेलने से रोक दिया। इसका परिणाम था अधिक सम्मान, समुदाय की भावना और स्कूल का सकारात्मक, खुशहाल वातावरण।"

## दो धोखेबाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के दिल्ली कैंट थाने के स्टाफ ने दो धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त एक बाइक जब्त की है। आरोपी असली हैंडसेट दिखाने के बाद चालाकी से उसे एक थैली में रखे नकली फोन दे देते थे।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि २९ अगस्त को एक शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे बहला- फुसलाकर एक नकली मोबाइल फोन बेचा है। पीड़ित ने बारकोड स्कैनिंग के माध्यम से २२०० ट्रांसफर कर दिए। बाद में, खरीदे गए फोन की जाँच में मोबाइल फोन के आकार का एक काँच का टुकड़ा निकला। इसके बाद दिल्ली कैंट थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी दिल्ली कैंट अनिल कुमार की देखरेख में एसएचओ दिल्ली कैंट श्योराम के नेतृत्व में टीम ने दोनों आरोपी नईम और सलीम को गिरफ्तार कर लिया।

# 'आप' विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायकों के प्रतिनिध मंडल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। ''आप'' दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में हुई इस मुलाकात के दौरान विधायकों ने बढ़ती लूट, छिनैती, हत्या, रंगदारी के मामलों को उठाया और पुलिस आयुक्त ने इस पर जल्द काबू पाने का भरोसा दिया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में अपराध बढ़ने का एक बड़ा कारण खुलेआम बिक रहा सूखा नशा है। पुलिस आयुक्त ने इसे लेकर कई नए उठाने का आश्वासन दिया है। इसी तरह, हमने ''आप'' विधायक अनिल झा और पार्षद गगन पर हुए हमले का मुद्दा भी उठाया, जिसमें अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। ''आप'' ने कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने में पुलिस का पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया है, ताकि दिल्ली में अपराध कम हो सके।

'आप' विधायकों के प्रति. निधि मंडल के साथ दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मुलाकात के बाद सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बहुत वर्षों बाद केंद्र सरकार को यह बात समझ में आई है कि दिल्ली कैडर के आईपीएस अफसर को पुलिस कमिश्नर बनाया जाना चाहिए। जिस अफसर ने दिल्ली में अपने कार्यकाल के ३०-३५ साल बिताए हैं, वह दिल्ली की कानून-व्यवस्था के बारे में आसानी से समझ सकते हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ''आप'' विधायक अनिल झा के ऊपर उनके जन्मदिन वाले दिन ही हमला किया गया। कुछ लोगों ने अनिल झा के जन्मदिन के कार्यक्रम में घुस कर यह हमला किया। साथ ही अनिल झा के परिवार के ऊपर भी हमला किया गया। इस संबंध में अनिल झा ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। हमने पुलिस कमिश्नर से अपील की है कि बिना किसी राजनीतिक दबाव में आए पुलिस इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए।

## सड़कों को नया रूप देने की बनाई योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली क्षेत्र में एनडीएमसी ने ९० करोड़ रुपये से इन सड़कों को नया रूप देने की योजना बनाई है। इस तरह एक साल के दौरान देश के वीआईपी इलाके की ८० से ज्यादा सड़कें बिल्कुल नई शक्ल-सूरत में तैयार होंगी। हालांकि नई दिल्ली इलाके की सड़कों की स्थिति पहले से ही काफी अच्छी है। कई जगह सड़कों पर गड्ढे मुंह बाए खडे हैं। दरारें और उखड़े हुए हिस्से न सिर्फ बदसूरत तस्वीर पेश करते हैं, बल्कि हादसों को न्योता भी देते हैं।

## बाढ़ को लेकर रेखा गुप्ता ने की पांच राज्यों के मुख्यमंत्री से वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से टेलीफोन पर वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने इन राज्यों में आई गंभीर बाढ़ की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ ने व्यापक स्तर पर जन-जीवन और संपत्ति को प्रभावित किया है। अनेक परिवार बेघर हो गए हैं, सड़क व संचार सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं और लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में दिल्ली सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार हरसंभव सहायता देने के लिए तत्पर है।

# फ्लू से बचाव को ट्राइवेलेन्ट इन्फ्लुएंजा वैक्सीन लांच किया

**नई दिल्ली।** ग्लोबल इना. वेशन-ड्रिवन हेल्थकेयर कंपनी, जाइडस लाइफसाइंसेस ने आज भारत में पहली बार अपना ट्राइवेलेन्ट इन्फ्लुएंजा (फ्लू) वैक्सीन, वैक्सीफ्लू लॉन्च किया, जो कि डब्ल्यूएचओ की वैश्विक जरूरतों के अनुरूप है। सीजनल इन्फ्लूएंजा के अलावा, फ्लू भी हर साल गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी रहती है, जिससे ३०-५० लाख लोग गंभीर रूप से बीमार होते हैं और लगभग २.९ लाख से ६.५ लाख लोग श्वसन संबंधी कारणों से मौत के घाट उतर जाते हैं।ट्राइवेलेन्ट वैक्सीन के बारे में बात करते हुए, डॉ. परवेज कौल, एफआरसीपी (पल्मोनरी मेडिसिन) (रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस, लंदन) और एफईआरएस (यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी) ने कहा, इन्फ्लुएंजा वैक्सीन अब भी सीजनल फ्लू और उससे होने वाली जटिलताओं से बचाव का सबसे असरदार तरीका है।

## अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाडियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगीः-

**04452/04451 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** 182 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04452 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04451 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 18:15 | नई दिल्ली | 04:10 | ---- |
| 21:30 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 23:50 |

**चलने के दिन : 04452 नई दिल्ली** से प्रतिदिन दिनांक 20.09.2025 से 19.12.2025 तक एवं **04451 हावड़ा जं.** से प्रतिदिन दिनांक 21.09.2025 से 20.12.2025 तक।
**ठहरावः** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशन।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य।

**04094/04093 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. – पटना जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** 140 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04094 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04093 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन जं. | 00:45 | ---- |
| 05:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 07:45 |

**चलने के दिन : 04094 हज़रत निज़ामुद्दीन जं.** से प्रतिदिन दिनांक 21.09.2025 से 29.11.2025 तक एवं **04093 पटना जं.** से प्रतिदिन दिनांक 22.09.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहरावः** गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता.।

**04096/04095 आनन्द विहार (ट) – पाटलिपुत्र – आनन्द विहार (ट) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** 140 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 00:05 | आनन्द विहार (ट) | 21:30 | ---- |
| 21:30 | ---- | पाटलिपुत्र | ---- | 00:30 |

**चलने के दिन : 04096 आनन्द विहार (ट)** से प्रतिदिन दिनांक 21.09.2025 से 29.11.2025 तक एवं **04095 पाटलिपुत्र** से प्रतिदिन दिनांक 22.09.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहरावः** गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफेना, बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा जं. और दिघवारा स्टेशन।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04098/04097 नई दिल्ली – हसनपुर रोड – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** 120 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04098 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04097 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09:30 | नई दिल्ली | 18:30 | ---- |
| 12:00 | ---- | हसनपुर रोड | ---- | 15:00 |

**चलने के दिन : 04098 नई दिल्ली** से प्रतिदिन दिनांक 01.10.2025 से 29.11.2025 तक एवं **04097 हसनपुर रोड** से प्रतिदिन दिनांक 02.10.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहरावः** गाजियाबाद, कानपुर, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर जं. और समस्तीपुर स्टेशन।
**स्थानः** 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान।

**02877/02878 राँची – आनन्द विहार (ट) – राँची आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 02877 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02878 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | राँची | 05:00 | ---- |
| 03:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 04:00 |

**चलने के दिन : 02877 राँची** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.10.2025 से 31.10.2025 तक एवं **02878 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.10.2025 से 02.11.2025 तक।
**ठहरावः** मुरी जं., बरकाकाना, टोरी, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, नबीनगर रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. और गोविंदपुरी स्टेशन।
**स्थानः** 3 टीयर वाता. इकॉनोमी।

**04504/04503 चण्डीगढ़ – पटना जं. – चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04504 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04503 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 23:10 | ---- |
| 21:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 23:00 |

**चलने के दिन : 04504 चण्डीगढ़** से प्रत्येक बृहस्पतिवार को दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक एवं **04503 पटना जं.** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक।
**ठहरावः** अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., वाता. कुर्सीयान, शयनयान एवं सामान्य।

**04608/04607 अमृतसर जं. – छपरा – अमृतसर जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04608 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04607 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09:40 | अमृतसर जं. | 13:30 | ---- |
| 09:00 | ---- | छपरा | ---- | 12:00 |

**चलने के दिन : 04608 अमृतसर जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 30.11.2025 तक एवं **04607 छपरा** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 01.12.2025 तक।
**ठहरावः** ब्यास जं., जलंधर शहर जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं. और सीवान जं. स्टेशन।
**स्थानः** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**05314/05313 गोमती नगर – महबूबनगर – गोमती नगर आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05314 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 00:15 | गोमती नगर | 15:00 | ---- |
| 13:00 | 13:35 | वाराणसी जं. | 01:45 | 02:25 |
| 19:10 | ---- | महबूबनगर | ---- | 22:10 |

**चलने के दिन : 05314 गोमती नगर** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 02.11.2025 तक एवं **05313 महबूबनगर** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 03.11.2025 तक।
**ठहरावः** बाराबंकी जं., बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया, भटनी, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, कटनी, जबलपुर, बालाघाट, गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लामपल्ली, रामगुंडम, काजीपेट जं., मलकाजगिरी, काचीगुडा, उमदानगर, शादनगर और जडचर्ला स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

**05017/05018 मऊ जं. – उधना जं. – मऊ जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05017 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05018 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:30 | मऊ जं. | 22:30 | ---- |
| 13:25 | 13:27 | बाराबंकी जं. | 15:20 | 15:22 |
| 12:00 | ---- | उधना जं. | ---- | 15:00 |

**चलने के दिन : 05017 मऊ जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 01.11.2025 तक एवं **05018 उधना जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 02.11.2025 तक।
**ठहरावः** बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, टूण्डला जं., ईदगाह आगरा जं., बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, शामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं. और वडोदरा जं. स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**05115/05116 छपरा – उधना जं. – छपरा आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05115 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05116 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:45 | छपरा | 23:00 | ---- |
| 22:15 | 22:20 | जौनपुर | 17:45 | 17:50 |
| 07:00 | ---- | उधना जं. | ---- | 10:00 |

**चलने के दिन : 05115 छपरा** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक एवं **05116 उधना जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहरावः** बलिया, गाजीपुर सिटी, औंरिहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना जं., संत हिरदाराम नगर, उज्जैन जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं. और सूरत स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05736 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05735 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | कटिहार | 23:45 | ---- |
| 09:45 | ---- | अमृतसर | ---- | 13:25 |

**चलने के दिन : 05736 कटिहार** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 17.09.2025 से 05.11.2025 तक (24.09.2025 को छोड़कर) एवं **05735 अमृतसर** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 19.09.2025 से 07.11.2025 तक (26.09.2025 को छोड़कर)।
**ठहरावः** पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट, फारबिसगंज, ललितग्राम, राघोपुर, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी जं., शिशो, सीतामढी, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें ।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ पर हमें फॉलो करें

## विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

सर्वसबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 07023 | चर्लपल्ली | हज़रत निज़ामुद्दीन | रविवार | 29.06.2025 | 07.09.2025 से 30.11.2025 |
| 07024 | हज़रत निज़ामुद्दीन | चर्लपल्ली | मंगलवार | 01.07.2025 | 09.09.2025 से 02.12.2025 |
| 07077 | चर्लपल्ली | देहरादून | मंगलवार | 24.06.2025 | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | चर्लपल्ली | वीरवार | 26.06.2025 | 04.09.2025 से 27.11.2025 |

नोट :– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पढ़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2664/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कार की टक्कर से पिता-पुत्र समेत तीन की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी और बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार पिलखुवा के दिल्ली-लखनऊ हाईवे-9 पर स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने स्कूटी और बाइक पर सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत सरस्वती मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान धौलाना क्षेत्र के गांव देहरा निवासी 22 वर्षीय आलिम, गांव हसनपुर निवासी 23 वर्षीय सचिन और सचिन के 55 वर्षीय पिता उमेश पाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आलिम के पिता एक मामले में जेल में बंद है। आलिम अपने पिता की जमानत के लिए अपने दोस्त सचिन और उसके पिता उमेश पाल के साथ हापुड़ से अपने घर लौट रहे थे, जब यह हादसा हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और





स्थिति का जायजा लिया। आरोपी वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गांव इमटोरी निवासी 29 वर्षीय जॉनी पुत्र रतन सिंह रेलवे ट्रैक के पास टहल रहा था। इसी दौरान वह एक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक जॉनी मानसिक रूप से बीमार था। जो टहलते-टहलते रेलवे ट्रैक पर पहुच गया। इस दौरान युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष पुंडीर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जाँच



पड़ताल की। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में

# बारिश से शहर की सड़के हुई जलमग्न, राह चलना हुआ मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में पिछले कई घंटों से हो रही लगातार बारिश ने लोगों की जिंदगी पर दोहरा असर डाला है। एक तरफ जहां यह बारिश किसानों के लिए संजीवनी बनकर आई है, वहीं दूसरी ओर इसने शहर में जलभराव और बिजली कटौती जैसी समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

सोमवार देर रात से हो रही इस बारिश ने शहर में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हापुड़ के मुख्य बाजार, गढ़ रोड, और बुलंदशहर रोड पर घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि जल निकासी की खराब व्यवस्था के कारण हर साल उन्हें इस समस्या का सामना करना पड़ता है और नगर पालिका के वादे खोखले साबित होते हैं। बारिश के साथ-साथ बिजली कटौती ने भी लोगों को परेशान किया। कई इलाकों में दिनभर बिजली आती-जाती रही, जिससे लोगों को मोबाइल चार्ज करने और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए जूझना पड़ा। लगातार हो रही बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है। धान और गन्ने की फसलों के लिए यह बारिश बेहद फायदेमंद साबित हुई है। किसानों का कहना है कि तेज धूप और उमस के कारण सूख रहे खेतों को अब नई जान मिल गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब और पोखरों में भी पानी भर गया है, जिससे पशुओं के लिए पानी की समस्या खत्म हुई है। मौसम विभाग ने हापुड़



में 32 मिमी वर्षा दर्ज की है। अधि. कतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है, जिससे मौसम खुशनुमा बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है और लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है। कुल मिलाकर, हापुड़ की यह बारिश लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत तो दे रही है, लेकिन शहर की खराब व्यवस्था के चलते उन्हें कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

# मकान का लेंटर गिरने से तीन मवेशियों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलोता में मकान का लेंटर गिरने से चार मवेशी मलबे में दब गए। इस हादसे में तीन मवेशियों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार की सुबह करीब 3 बजे हुई, जब गांव निवासी राजपाल सिंह पुत्र मेहरबान के घेर का लेंटर अचानक गिर गया। लेंटर गिरने की जोरदार आवाज सुनकर ग्रामीण और परिवार के लोग बाहर आए तो मंजर देखकर हैरान रह गए। घटना की सूचना मिलने पर बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर जेसीबी की मदद से मलबा हटाया। मलबे के नीचे से चार मवेशियों को निकाला गया, जिनमें से तीन ने दम तोड़ दिया था। ग्रामीणों के अनुसार लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण लेंटर कमजोर हो गया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।इस हादसे में राजपाल सिंह को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम सदर ईला प्रकाश ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस दुखद घटना में परिवार के साथ खड़ा है। मवेशियों की मौत से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और जल्द ही रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और मुआवजा दिलाया जा सके। एसडीएम ने यह भी कहा कि इस



तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने और कमजोर मकानों का सर्वे कराया जाएगा।

# लापरवाह पुलिसकर्मियों पर एसपी की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस विभाग में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की सख्ती एक बार फिर देखने को मिली है। उन्होंने थाना बहादुरगढ़ में लापरवाही बरतने वाले तीन दारोगाओं पर कड़ी कार्रवाई की है, जिससे पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है।



जांच में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दारोगा धनवीर यादव को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा, दारोगा जितेंद्र कुमार और सतेंद्र कुमार को भी लाइन हाजिर किया गया है। इन दारोगाओं पर आरोप है कि उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच में महीनों तक ढिलाई बरती, जिससे पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी हो रही थी। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं में लापरवाही अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर केस की जांच तय समय पर पूरी होनी चाहिए। एसपी की इस कार्रवाई के बाद सभी पुलिसकर्मी अपनी-अपनी पेंडिंग विवेचनाओं को तेजी से पूरा करने में जुट गए हैं। इसफैसले से पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार आने की उम्मीद है।

# धूमधाम से मनाया गया गणपति महोत्सव का छठी उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के आर्यनगर में भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा और ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन के तत्वावधान में गणपति महोत्सव का छठी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। लगातार बारिश और खराब मौसम के बावजूद, भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

गणपति पंडाल को रंग-बिरंगे गुब्बारों और झालरों से सजाया गया था। इस अवसर पर, पंडित आदित्य भारद्वाज, पंडित शिवाकांत शुक्ला और पंडित शैलेंद्र अवस्थी ने सजा दो घर को दुल्हन सा मेरे गणराज आए हैं और गौरा के जन्मे गणेश जैसे सुंदर भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तगण भजनों पर नाचते और शगणपति बप्पा मोरया के जयकारे



लगाते रहे। आरती के बाद, फल, मिठाई और कढ़ी-चावल जैसे प्रसाद का वितरण हुआ। इस पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था महासभा के अध्यक्ष पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले के मार्गदर्शन में हुई। पंडित केसी पाण्डेय ने बताया कि गणपति जी का विसर्जन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन किया जाएगा। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 13 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर, 2025 शनिवार को आयोजित की जाएगी। यह बैठक जनपद न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डा. अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में, सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित मामलों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही अधिक से अधिक संख्या में निपटाएं, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत सफल हो सके। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें संदीप कुमार अपर जिलाधिकारी, देवेन्द्र प्रताप जिला विकास अधिकारी, रितु तोमर बेसिक शिक्षा अधिकारी, छवि सिंह चौहान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, डा. ओपी मिश्रा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सुनील सिंह नगर पालिका आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मणों को लेकर मोहन भागवत का बयान बेहद निंदनीयः पंडित गोपाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि समाज में उच-नीच की श्रेणी भगवान ने नहीं, पंडितों ने बनाई, जो कि गलत है। जिसको लेकर विश्व ब्राह्मण संघ यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष, पंडित गोपाल शर्मा ने आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के ब्राह्मणों पर दिए गए बयान की निंदा की है।

पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों ने मुगल और ब्रिटिश शासनकाल से लेकर भारत की स्वतंत्रता तक, हर महत्वपूर्ण मोड़ पर अग्रणी भूमिका निभाई है। पंडित गोपाल शर्मा ने इस बात पर आपत्ति जताई कि मोहन भागवत जैसे लोग ऊंच-नीच और जातिवाद के लिए ब्राह्मणों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान बेहद निंदनीय है और ऐसे लोगों को ब्राह्मणों के इतिहास को पढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि विश्व ब्राह्मण संघ भारत के संस्थापक, स्वर्गीय पंडित मांगे राम शर्मा ने हमेशा आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की वकालत की थी, जबकि सरकारें जातिगत आधार पर आरक्षण देकर भेदभाव को बढ़ावा दे रही हैं। पंडित गोपाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ ने हमेशा भारत की एकता, अखंडता और धर्म को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन कन्विक्शनश के तहत एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास और 25,000 के जुर्माने की सजा दिलवाई गई है। यह सजा हापुड़ के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल पॉक्सो एक्ट प्रथम न्यायालय ने सुनाई। आरोपी जिसका नाम कुलदीप है उसने 16 जुलाई, 2023 को यह अपराध किया था। इस मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और 19 नवंबर 2023 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की। इस पूरी प्रक्रिया में शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी, विवेचक उप-निरीक्षक शीलेन्द्र कुमार, पैरवीकार महिला कांस्टेबल रीटा और कोर्ट मुहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। यह घटना दिखाती है कि उत्तर प्रदेश पुलिस, ऑपरेशन कन्विक्शनश जैसे अभियानों के माध्यम से जघन्य अपराधों के दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है।

### युवती का मोबाइल हाइवे पर छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अनवरपुर स्थित जाहरवीर बाबा मेले में प्रसाद चढ़ाने जा रही एक युवती का मोबाइल फोन सोमवार को हाईवे पर एक अज्ञात युवक ने छीन लिया। घटना के बाद आरोपी व्यक्ति फरार हो गया। दर्ज मुकदमे के अनुसार, पीड़िता, अनवरपुर निवासी शम्मी, मेले की ओर जा रही थीं कि तभी एक युवक ने उनके हाथ से जबरन मोबाइल छीनकर भाग गया। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रेमी संग मिलकर हत्या की साजिश का आरोप पति ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री नगर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी पर अपनी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी अशोक कुमार ने नगर कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी शादी 18 साल पहले बुलंदशहर की रेखा से हुई थी, लेकिन कुछ समय बाद रेखा के सिम्भावली के नरेंद्र नामक युवक से अवैध संबंध बन गए। अशोक का आरोप है कि जब वह अपनी पत्नी को नरेंद्र से बात करने से रोकता है, तो वह उसके साथ झगड़ा करती है, गाली-गलौज करती है और मारपीट भी करती है। अशोक ने पुलिस को दी गई शिकायत में अपनी जान को खतरा बताया है और कहा है कि उसकी पत्नी और उसका प्रेमी मिलकर उसकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर आरोप सही पाए गए तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने डा. सफदर खान को जिला उपाध्यक्ष और मोहित शर्मा ग्राम मुरादपुर निजामसर और कुंवर मजहर खान को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने इन तीनों पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे और उन्हें पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी। उन्होंने विश्वास जताया कि ये तीनों नेता, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी के लिए काम करेंगे। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष डा. सफदर खान ने कहा कि राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के संघर्ष को देखते हुए




उन्होंने कांग्रेस से जुड़ने का फैसला किया है और वे संगठन को और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा और जिला महासचिव गौरव गर्ग भी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के हरजसपुरा मोहल्ले में एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार सुबह की है। मृतक की पहचान नीरज उर्फ निक्की के रूप में हुई है, जो इसी मोहल्ले का रहने वाला था। पुलिस को 112 नंबर पर सूचना मिलने के बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और परिजनों के अनुसार, नीरज नशे का आदी था, और माना जा रहा है कि उसने नशे की हालत में ही यह कदम उठाया। जब परिजनों ने उसे लटका हुआ देखा तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। इस घटना ने एक बार रिर समाज में बढ़ती नशाखोरी की समस्या को उजागर किया है, जिससे लोगों में गुस्सा और आक्रोश है।

## ठगों का निशाना बने कांग्रेस नेता, 37,598 रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में साइबर अपराध का एक और मामला सामने आया है। इस बार, ठगों ने कांग्रेस के जिला महासचिव यशपाल सिंह ढिलोर को निशाना बनाया है। ठगों ने क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट के बहाने उनसे 37,598 रुपये की ठगी कर ली। कांग्रेस के जिला महासचिव यशपाल सिंह ढिलोर ने बताया कि सोमवार शाम उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का कर्मचारी बताया और कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट करनी होगी। जब ढिलोर ने कार्ड बंद करने की बात कही, तो ठग ने उन्हें यह कहकर झांसे में लिया कि कार्ड बंद करने के लिए भी केवाईसी जरूरी है। ठग के बहकावे में आकर ढिलोर ने अपने क्रेडिट कार्ड की संवेदनशील जानकारी, जैसे कार्ड नंबर, सीवीवी आदि दे दी। कुछ घंटों बाद, उन्होंने पाया कि उनके खाते से 37,598 रुपये निकाल लिए गए हैं। साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जहां पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अनजान कॉल्स पर अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें और ठगी होने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

# ट्रक से बाइक की टक्कर में युवक की मौत, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी चौकी के पास एक सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह हादसा रविवार शाम तेज रफ्तार एक ट्रक द्वारा बाइक को टक्कर मारने के कारण हुआ। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक सतीश अस्पताल से खाना देकर लौट रहा था कि तभी एक ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हमले में ट्रक बाइक को करीब 50 मीटर तक घसीटता रहा, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के गवाहों ने बताया कि ट्रक चालक ने बहुत तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है और ट्रक चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं खोल सकी गुत्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के दिनेश नगर इलाके में शनिवार को अपने दोस्त के घर पर आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला रहस्य बना हुआ है। मोदीनगर के फफराना निवासी आयुष की रविवार को एक दोस्त के घर पर अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। लेकिन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत के कर्म का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मौत का स्पष्ट कारण नहीं बता सकी है, जिसके चलते डाक्टरों ने विसरा सुरक्षित करके फोरेंसिक लैब भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वजह का पता चल सकेगा। अभी तक परिवार की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

# मोबाइल लूटने वाले तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** फेज-3 थाने की पुलिस ने सेक्टर-68 स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास से मंगलवार को तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों चोरी के वाहन से मोबाइल फोन झपटमारी करते थे। डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी सूचना मिली कि तीन बदमाश सेक्टर-68 स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास आने वाले हैं। तीनों बदमाश चोरी के वाहन का इस्तेमाल कर राहगीरों से मोबाइल फोन छीनते हैं। सूचना को पुख्ता कर टीम ने चेकिंग शुरू कर दी, तभी दो बाइक पर तीन लोग आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया तो तीनों मुड़कर भागने लगे।



टीम ने पीछा करके तीनों को दबोच लिया। जांच में पता चला कि दोनों बाइक चोरी की हैं। तलाशी लेने पर तीनों के पास से 10 मोबाइल फोन, एक तमंचा, एक कारतूस और दो चाकू बरामद हुए। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि ये मोबाइल फोन लोगों से छीने गए हैं। तीनों बदमाशों की पहचान सेक्टर-63 स्थित चोटपुर कॉलोनी निवासी मो. हत मिश्रा, मामूरा निवासी आदित्य महतो और सागर के रूप में हुई है। मोहित आठवीं, आदित्य पांचवीं और सागर छठी कक्षा तक पढ़ा है। तीनों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

## दहेज में स्कॉर्पियो और पांच लाख की मांग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में दहेज प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है। मिर्जापुर गांव की रहने वाली रिंकी भाटी ने अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिंकी की शादी 2018 में गाजियाबाद के वेब सिटी निवासी रोहित भाटी से हुई थी। शादी के शुरुआती दिन ठीक रहे। बाद में ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 23 अगस्त को पति रोहित, सास और ननद ने दहेज में स्कॉर्पियो कार, 5 लाख रुपए नकद और 10 तोला सोने की मांग की। रिंकी ने जब इस मांग का विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद रोहित अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे गाड़ी में डालकर यमुना एक्सप्रेसवे पर छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने रिंकी को पहचान कर उसके मायके पहुंचाया। पीड़िता का आरोप है कि उसका दो साल का बेटा भी उससे छीन लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आज बारिश के चलते बंद रहेंगे स्कूल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा जारी किए गए आदेश में आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कक्षा 1-12 तक के स्कूल को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। ये कदम बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। हालांकि कक्षा 12 तक के बच्चों को छुट्टी मिली है, लेकिन सरकारी विद्यालयों में काम करने वाले स्टाफ को इससे मुक्त रखा गया है।

आज 3 सितंबर को कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूलों का अवक. श घोषित किया गया है।इसमें जनपद के सभी परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएससी समेत मदरसा बोर्ड शामिल हैं। जारी किए गए आदेश में ये कदम जनपद गौतमबुद्ध नगर में अत्यधिक बारिश के चलते छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।




हालांकि जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों में काम करने वाले स्टाफ को स्कूल समय से पहुं. चना होगा। आदेश में कहा गया है कि इन स्कूलों का समस्त स्टाफ विद्यालय में समय से उपस्थित होकर विभागीय कामों को पूरा करेगा। इस आदेश को कड़ाई से पालन करवाने की बात भी कही गई है।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** शहर की एनआरआई सिटी सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति ने एक युवक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने उनके ड्राइवर को फोन कर धमकी दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक सोसाइटी में रहने वाले शरद सहगल की शिकायत पर राहुल शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी उनके ड्राइवर के मोबाइल पर कॉल कर धमकी दे रहा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी और उसके भाई द्वारा पूर्व में भी उनके ड्राइवर के साथ मारपीट की जा चुकी है। आरा. पी अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उनके खिलाफ पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है।

# 50 सोसायटी के बेसमेंट बने कूड़ाघर, बीमारी का मंडरा रहा खतरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनी ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में कूड़ा निस्तारण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई सोसायटियों में कूड़ा दिनभर बेसमेंट या पार्किंग क्षेत्र में जमा रहता है। इससे बदबू तो आती ही है साथ ही बीमारी का खतरा भी मंडराता रहता है। निवा. सियों का आरोप है कि बिल्डर और प्रबंधन आंख मूंद कर बैठे हुए है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि उन्होंने सभी सोसायटियों को कूड़ा अलग-अलग संग्रह और वैज्ञानिक निस्तारण के निर्देश दिए है। इस निर्देश का असर जमीनी स्तर पर देखने को नहीं मिल रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 50 सोसायटी ऐसी है जहां कूड़ा निस्तारण केंद्र की मशीनें नहीं लगी है। ऐसे में बेसमेंट कूड़ा घर बनते जा रहे है।



**निवासियों को हो रही परेशानी:** श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी में रहने वाले सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि परिसर में लगभग 1400 परिवार रहते है। घरों से निकलने वाला कूड़ा पार्किंग के रैंप के पास जमा कर दिया जाता है। एक तरह से अस्थाई कूड़ाघर बना दिया गया है।

लगातार सड़ता कूड़ा बीमारियों का कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि सोसायटी प्रबंधन ने निस्तारण मशीन लगाने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। रविवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर जुर्माना भी लगाया, लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**महागुन मंत्रा-1 में दुर्गंध से त्रस्त निवासी:** महागुन मंत्रा-1 सोसायटी के निवासियों ने बताया कि कूड़े का निस्तारण नियमित नहीं हो रहा। बेसमेंट से लेकर ऊपरी मंजिलों तक दुर्गंध फैली रहती है। कई महीनों से निवासी मेंटिनेंस टीम से शिकायत कर रहे है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। बिल्डर ने 2021 में ही कूड़ा निस्तारण मशीन खरीदी थी, लेकिन उसे अभी तक इंस्टॉल नहीं किया गया। प्रबंधन द्वारा सफाई के बाद ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया जाता है।

**निराला ग्रीनशायर व गौड़ सिटी में भी यही हाल:** निराला ग्रीनशायर सोसायटी में भी पार्किंग क्षेत्र में ही कूड़ाघर बना दिया गया है। स्थिति यह है कि कई परिवार बाल. कनी के दरवाजे तक नहीं खोल पाते, क्योंकि बदबू लगातार अंदर आती रहती है। गौड़ सिटी-1 के 4 एवेन्यू के निवासी ठाकुर अजय सिंह ने बताया कि प्रबंधन ने लोगों की पार्किंग के पास कूड़ा निस्तारण मशीन लगाने की बात कही थी, लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। कूड़ा बेसमेंट में सड़ता रहता है। बच्चों, बुजुर्गों और अन्य निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी खतरा बना हुआ है।

**प्राधिकरण का दावा:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सोसायटियों को कूड़ा निस्तारण की मशीनें लगाने के निर्देश दिए गए है। जो सोसायटी इन निर्देशों का पालन नहीं कर रही है उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

## एक नजर

### बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए छह मेडिकल टीम बनाई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना और हिंडन के आसपास के क्षेत्रो में बाढ़ के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने छह मेडिकल टीम बनाई हैं। टीम में डॉक्टर समेत स्वास्थ्यकर्मी होंगे। जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। टीम में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक स्टाफ नर्स, एक वार्ड समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल होंगे। स्वास्थ्य शिविर लगने की स्थिति में एंबुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि स्थानों पर इलाज के लिए लाया जा सके। दवाओं के लिहाज से सर्पदंश के इलाज के लिए एंटी वेनम, ओआरएस पाउडर, जीवनरक्षक दवाओं समेत अन्य जरूरी सामान उपलब्ध करा दिए गए हैं।

### कैंटर की टक्कर से एक दोस्त की मौत, दूसरा घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** हबीबपुर गांव के गेट के समीप बेकाबू कैंटर ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मूलरूप से अमेठी के रहने वाले रामसरोज हबी. बपुर गांव में परिवार के साथ किराये के मकान में रहते हैं। रामसरोज ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा शिवा 12 अगस्त की शाम अपने दोस्त सचिन के साथ बाइक से दुकान पर जा रहे थे। हबीबपुर गेट के समीप एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान शिवा की मौत हो गई, जबकि सचिन का इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घटना के समय परिवार के लोग शव लेकर अपने पैतृक गांव गए थे। अब वहां से वापस लौटने के बाद कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी कैंटर चालक की तलाश में जुटी है।

### दुर्घटना में घायल छात्रों की हालत चिंता. जनक, डंपर मालिक व चालक हिरासत में

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के रामपुर फतेहपुर गांव तिराहे के पास बीते सोमवार को तेज रफ्तार कार की डंपर से टक्कर हो गई थी। टक्कर होने के मामले में पुलिस को घटना की तहरीर नहीं दी गई है। घायलों में युगराज की हालत चिंताजनक बनी है। ग्रेटर नोएडा अस्पताल में घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने डंपर चालक व मालिक को हिरासत में लिया है। ज्ञात हो कि सोमवार को एक विश्वविद्यालय के बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र कार में सवार होकर विश्वविद्यालय के लिए जा रहे थे। जाते समय दादरी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव तिराहे के पास डंपर से कार की टक्कर हो गई थी। कार को छात्र युगराज चला रहा था। कार में इशिका, अन्वी, यश और हर्ष बैठे हुए थे। टक्कर जबरदस्त होने पर कार के परखच्चे उड़ गए थे। घायलों का इलाज ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में चल रहा है। जबकि घायल युवराज की हालत चिंताजनक बनी है। एसएसआई दीनानाथ यादव का कहना है कि डंपर मालिक व चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### निक्की के बच्चे की कस्टडी के लिए कोर्ट का रूख करेंगे विपिन के परिजन, एकत्र किए साक्ष्य

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में हुए चर्चित निक्की मर्डर केस में निक्की के बेटे की कस्टडी के लिए विपिन के परिजन जल्द ही कोर्ट का रूख करेंगे। सोमवार को विपिन के चचेरे भाई देवेंद्र के घर के बाहर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस सभा को तेरहवीं का नाम दिया गया। इसमें निक्की के परिवार के एक दर्जन से ज्यादा लोग शामिल हुए। गांव के लोग भी यहां पहुंचे। बेटे की कस्टडी के साथ ही विपिन के परिजन विपिन के मौके पर नहीं होने और रोहित के सिरसा टोल पर होने के साक्ष्य एकत्र किए है। इस केस में विपिन पक्ष के अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष मनोज भाटी बोड़ाकी ने बताया कि अभी हम साक्ष्य एकत्र कर रहे है। साक्ष्य एकत्र करने के बाद उनका मिलान कराया जाएगा। इसके बाद जमानत अर्जी कोर्ट में दाखिल की जाएगी। दावा किया गया है कि घटना के समय रोहित सिरसा टोल पर था इस वजह से सबसे पहले उसकी जमानत अर्जी दाखिल होगी।

**अभियोजन करेगा जमानत का विरोध:** इस मामले में पुलिस भी मजबूत साक्ष्य एकत्र कर रही है। फोरेंसिक लैब में भेजे गए सैंपल के रिपोर्ट का इंतजार पुलिस कर रही है। लैब रिपोर्ट इस केस में अहम कड़ी साबित होगी। पुलिस भी लोगों के बयान दर्ज कर व सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर मजबूती से अपना पक्ष कोर्ट में रखेगी।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर-62 के गेल अपार्टमेंट में रहने वाले व्यक्ति को शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 2.28 लाख रुपये ठग लिए। मुनाफे समेत रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़ित ने सेक्टर-58 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। चिरंजीच टिक्कू के मोबा. इल पर 14 जुलाई को शेयर बाजार में निवेश संबंधी एक लिंक आया था। लिंक के माध्यम से टिक्कू ठगों के संपर्क में आ गया। ठग ने टिक्कू को शेयर बाजार में निवेश करने पर दो से तीन गुना तक मुनाफा होने का झांसा दिया।

टिक्कू ठग की बातों में आ गया। पहले 796 रुपये निवेश किए तो ऐप पर दोगुना से ज्यादा रकम दिखानी लगी। इससे टिक्कू को ठग पर विश्वास हो गया। उसने रकम निवेश करनी शुरू कर दी। कुछ दिनों बाद तीन लाख रुपये से ज्यादा का पोर्टफोलियो दिखने पर पूरी रकम निकालनी चाही, लेकिन ठगों ने कर के रूप में रकम की मांग की। टिक्कू ने अपने दोस्त से उधार लेकर कई बार में रुपये दे दिए, लेकिन ठग फिर भी अन्य कर के रूप में रकम मांगते रहे। रुपये नहीं देने पर ठगों ने संपर्क तोड़ दिया। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## मुर्गी फार्म से 12 नमूने लेकर जांच को भेजे

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली चिड़ियाघर में एवियन इन्फ्लुएंजा बर्डफ्लू का मामला प्रकाश में आने के बाद गौतमबुद्धनगर के मुर्गी फार्म में 12 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। हालांकि अभी तक जिले में बर्ड फ्लू का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। गौतमबुद्धनगर में भी पशुपालन विभाग बर्ड फ्लू को लेकर सतर्क है और जिले में मौजूद मुर्गी फार्म में हर रोज नमूने लिए जा रहे है। मंगलवार को 11 मुर्गी फार्म से 12 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। अब तक जिले में 226 नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे जा चुके है। जिले में बर्ड फ्लू का मामला नहीं आया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार सचान ने कहा कि गौतमबुद्धनगर में सभी वेटलैंड पर नजर रखी जा रही है।

# नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस-वे के किनारे वाहन शोरूम को मिलेगा ठिकाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** शहर में बेतरतीब खुले दो पहिया व चार पहिया वाहनों के शोरूम को नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे किनारे ठिकाना मिलेगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-105 में जगह चिन्हित कर ली है। यहां करीब 10 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा जगह पर भूतल के साथ 4 तल की इमारत बनेगी। इसमें अलग-अलग शोरूम को जगह दी जाएगी।

मौके पर चिन्हित की गई जमीन हाजीपुर सेक्टर-98 चौराहे से ग्रेटर नोएडा की तरफ चलने वाली सर्विस रोड के किनारे है। जमीन के चारों तरफ सड़क बनी हुई है। प्राधिकरण की तैयारी यह है कि प्लॉट का लेआउट कार शोरूम मॉल की तरह बनाया जाए। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब तक के तय प्रारूप के मुताबिक प्राधिकरण किसी एक को प्लॉट का आवंटन करेगा। फिर वह विकासकर्ता के रूप में काम करते हुए विभिन्न कार कंपनियों के शोरूम खुलवाएगा। अभी तक प्राधिकरण में वाहन शोरूम के लिए सीधे प्लॉट आवंटन का नियम नहीं है। ऐसे में यह अधिकांश शोरूम औद्योगिक व व्यावासयिक संपत्ति पर चल रहे हैं। वहीं बरौला में बनी अवैध इमारतों में भी कई शोरूम खुल गए हैं। यह समस्या भी बने हुए हैं। कई जगहों पर कार शोरूम की वजह से प्राधिकरण प्लॉट आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई भी कर चुका है। अब प्राधिकरण ऑटो शोरूम का भू-उपयोग वाणिज्यिक करने के साथ उनके आवंटन के नियम व शर्तें तैयार करेगा।

**डिजाइन व निगरानी का अधिकार प्राधिकरण के पास होगा:** योजना के बारे में जानकारी देते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोक. श एम ने बताया कि एक्सप्रेस-वे किनारे यह इमारत शोरूम नुमा बनवाई जाएगी। सामने की तरफ शीशे होंगे। पूरी इमारत की डिजाइन एक रहेगी कोई बदलाव नहीं हो सकेगा। इसके लिए डिजाइन व निगरानी का अधिकार प्राधिकरण के पास ही रहेगा। अगर कोई परिवर्तन करना होगा तो प्राधिकरण ही करेगा। सीईओ ने बताया कि नियोजन विभाग को जमीन का लेआउट सौंप दिया गया है। अब आगे की योजना तैयार हो रही है।

# दीपावली से पहले नोएडा पहुंचेंगी आठ डबल डेकर बस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर को दी गई आठ डबल डेकर बसें अब तक जिले में नहीं पहुंच पाई है। दावा किया गया है कि दीपावली से पहले यह बसें नोएडा आ जाएंगी। सारी बसें कानपुर से बनकर प्रयागराज में कुंभ के दौरान भेजी गई थी। वहां से नोएडा तक का मात्र 10 घंटे का सफर 150 दिन बीत जाने के बावजूद भी पूरा नहीं हो सका है। इसका मुख्य कारण है कि रास्ते में इतने चार्जिंग प्वाइंट नहीं है। बसों को ट्रांसपोर्ट ट्रक से लाने की योजना है।



फरवरी में शासन स्तर पर हुई बैठक में नोएडा को आठ डबल डेकर बसें देने की घोषणा की गई थी। जिले के मोरना और कासना डिपो को पहले ही 100 नई सीएनजी बसें मिल चुकी हैं। इनमें 40 बसें मोरना और 60 बसें कासना डिपो को आवंटित की गई थी। यात्रियों की बढ़ती संख्या और लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर रोडवेज प्रबंधन ने शासन से डबल डेकर बसों की मांग की थी।

**कुंभ के बाद से खड़ी है बसें:** सभी 8 डबल डेकर बसें कानपुर में बनकर मार्च में प्रयागराज भेजी गई थी। इनका उपयोग महाकुंभ की तैयारियों के लिए किया जाना था। अप्रैल तक इनका नोएडा आना प्रस्तावित था, लेकिन अब तक ये प्रयागराज में ही खड़ी है। बसों को नोएडा लाने के लिए ट्रांसपोर्ट ट्रकों का सहारा लिया जाना है।

**यात्रियों को मिलेगी राहत:** डबल डेकर बसों के नोएडा आने के बाद यात्रियों को राहत मिलेगी। जिले के अलग-अलग रूट पर यह बसें चलेंगी। तेजी से बस रहे शहर में यात्रियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है ऐसे में यहां जल्द ही ट्रांसपोर्ट सेवा में सुधार देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश के आरएम मनोज कुमार सिंह का कहना है कि बसें दीपावली से पहले नोएडा पहुंच जाएंगी।

# कनाडा में रह रहे व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

**■ ग्रेटर नोएडा में 50 बीघे जमीन के लिए फर्जी वसीयतनामा बनाया, 13 लोगों पर केस**

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक गंभीर जमीन घोटाले का मामला सामने आया है। कनाडा में रह रहे 70 वर्षीय व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर उसकी 50 बीघा जमीन हड़पने का प्रयास किया गया। मामले में पीड़ित जिले सिंह ने बताया कि उन्होंने 1996 में दिल्ली निवासी राहुल सोनी से बेला खुर्द गांव में जमीन खरीदी थी। पॉवर अटॉर्नी और बैनामा कराने के बाद राहुल कनाडा चला गया। इसके बाद चार राज्यों के 13 लोगों ने मिलकर एक साजिश रची।

आरोपियों ने पंजाब से राहुल का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। फिर फर्जी बेटा-बेटी बनाकर वसीयतनामा तैयार करवाया। अट्टा फतेहपुर के कुछ आरोपियों ने सरक. ारी कार्यालय में इसकी पुष्टि भी करवाई। इस तरह उन्होंने जमीन के दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करा लिया। आरोपियों में उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के लोग शामिल हैं। पीड़ित को दनकौर पुलिस से मदद न मिलने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सभी आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है।

# खुद को गोली मारने वाले युवक की हालत में सुधार नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में शनिवार रात सवा दो बजे दोस्त की जन्मदिन पार्टी में खुद के सिर में गोली मारने वाले युवक की हालत अब भी बेहद गंभीर है। वह शहर के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। पुलिस मंगलवार को भी उसके परिजनों से पूछताछ नहीं कर सकी। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि बुलंदशहर के खानपुर निवासी 25 वर्षीय विक्रम ठाकुर जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में किराये का फ्लैट लेकर दो दोस्तों के साथ रहता है। वह पहले कार चलाता था, लेकिन बीते डेढ़ महीने से वह कोई काम नहीं कर रहा था।

शनिवार को विक्रम के एक दोस्त आदर्श की जन्मदिन पार्टी थी। इसमें आठ से दस लोग शामिल हुए। ज्यादातर युवक थे। कुछ सोसाइटी के रहने वाले थे, जबकि कुछ बाहरी थे।

पार्टी रात दो बजे तक चलती रही। इसी दौरान विक्रम अपने कमरे में गया और पिस्तौल से खुद के सिर में गोली मार ली। पार्टी में शामिल दोस्त जब तक उसके पास पहुंचे, तब तक वह लहूलुहान होकर गिर गया था। आनन-फानन में उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और घायल के परिजनों को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को भी पार्टी में शामिल युवकों से पूछताछ की।

# यमुना का जलस्तर खतरनाक स्तर पर

## ग्रेटर नोएडा में 200 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, प्रशासन अलर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इसका प्रभाव ग्रेटर नोएडा में देखा जा रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रशासन ने सेक्टर-150, ग्राम तिलवाड़ा और आसपास के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। अब तक करीब 150-200 परिवारों को पुस्ता पर स्थानांतरित किया जा चुका है। ग्रेटर नोएडा सदर तहसील की टीम डूब क्षेत्र की निगरानी कर रही है।



प्रशासन ने लोगों को बाढ़ चौकी या पुस्ता पर जाने की सलाह दी है। विस्थापित परिवारों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है।

सदर तहसील के एसडीएम प्रतीक चौहान के अनुसार, डूब क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। आने वाले घंटों में जलस्तर में और वृद्धि की आशंका है। प्रशासन ने राहत और बचाव दलों को अलर्ट पर रखा है। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# दो पक्षों में मारपीट, लाठी-डंडों से हमले में पांच लोग घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस घटना में कुल 5 लोग घायल हुए।

पहले पक्ष के इरशाद ने बताया कि सोमवार को वह दुकान जा रहा था। रास्ते में शमशाद, इरशाद, दानिश और आबिद ने उसे रोका। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आए इरशाद के भाई समीर और नूर मोहम्मद को भी पीटा गया।

दूसरे पक्ष के शमशाद का कहना है कि वह अपने बेटे के साथ दुकान जा रहा था। इस दौरान इरशाद, जानू, समीर और नूर मोहम्मद ने उन पर लाठी-डंडे और स्टील की रॉड से हमला किया। इस हमले में पिता-पुत्र दोनों घायल हुए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मंगलवार को 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# प्रेमी युगल ने की ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या

## पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, युवक की नहीं हो पाई शिनाख्त



मृतका का फाइल फोटो



मृतक का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अहेड़ा रेलवे हाल्ट पर प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

कोतवाली बागपत क्षेत्र के अहेड़ा रेलवे हाल्ट पर मंगलवार की सुबह करीब नौ बजकर 10 मिनट पर सहारनपुर से दिल्ली को जाने वाली जनता एक्सप्रेस ट्रेन के आगे एक प्रेमी युगल कूद गया। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मौके पर मौजूद यात्रियों ने घायल युवती को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर आरपीएफ जवान और कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया तथा शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में बागपत रोड रेलवे स्टेशन अधीक्षक सतीश शर्मा का कहना है कि सहारनपुर से दिल्ली को जाने वाली जनता एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 14546 अपने निर्धारित समय नौ बजकर एक मिनट पर स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुई। ट्रेन चालक द्वारा सूचना दी गई कि अहेड़ा हाल्ट पर एक युवक-युवती ने चलती ट्रेन आगे कूद गए है। हादसे में दोनों की मौत हो गई है। उधर, कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि युवती की शिनाख्त हो गई है। युवक के शिनाख्त के प्रयास जारी है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कॉस्मेटिक दुकान की छत गिरने से मां बेटी घायल, हजारों का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव मे एक कॉस्मेटिक की दुकान की छत गिरने से मां बेटी घायल हो गयी। वही हजारों का समान दबकर खराब हो गया। लहचौड़ा निवासी विमलेश पत्नी हीरालाल गांव में ही कॉस्मेटिक की दुकान चलाती है।

मंगलवार की सुबह विमलेश और उसकी बेटी गोल्डी दुकान की सफाई कर रही थी तभी अचानक दुकान की छत भरभरा कर गिर पड़ी, जिसमे मां और बेटी दोनो दब गयी। ग्रामीणों ने आवाज सुनी तो दौड़कर वहा पहुंचे और मां बेटी को बाहर निकाला इसके अलावा उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। दुकान की छत गिरने से दुकान मे रखा लगभग 60 हजार रूपये का समान दबकर खराब हो गया जिससे पीड़ित परिवार सदमे में है।

# हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान की विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहीद राजेंद्र जैन सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में मंगलवार को हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान की विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

और हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को पांच संकल्प दिलाए। प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को हम मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ , अनुशासित हरित व प्रेरणाप्रस्द, विद्यालय का संरक्षण करने में सहयोग देने, विद्यालय में भेदभाव बंद कर वातावरण अच्छा रखने मे, शिक्षा का ज्ञान लेकर आत्मविकास व समाज सेवा करने, विद्यालय को तीर्थ मनाते हुए अच्छे संस्कार, सेवा और समर्पण के साथ आने की शपथ दिलाई।

# विधायक ने किया शबगा व जागौश गांव की यमुना नदी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में हथिनी कुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी ने रुद्रा रूप धारण कर लिया है। इस वक्त पूरा एनसीआर क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ गया है। कई गांव में बाढ़ का खतरा भी मंडरा रहा है सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अपनी पैनी नजर जमाए हुए हैं। बाढ़ के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने नदी के तटवर्ती गांवों को अलर्ट जारी कर दिया है। छपरौली थाना क्षेत्र के टांडा कुड़ी नांगल माढी शबगा जागौश यमुना नदी की बाढ़ की चपेट में आने शुरू हो गए हैं। सबसे ज्यादा खतरा शबगा जागौश में बताया जा रहा है। इन गांव में नौका दल रेस्क्यू टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है ताकि किसी आपात स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया जा सके। गांव में बाढ़ राहत चौकी भी प्राइमरी पाठशाला में बना दी गई है, जिसमें सिंचाई विभाग के कर्मचारी हर वक्त मौके पर मौजूद कर दिए गए हैं, लेकिन हथनी कुंड बैराज से अभी भी लगातार पानी छोड़ा जा रहा है अगर यही हालात रहे तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। छपरौली विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोकदल विधायक डा.अजय कुमार ने यमुना नदी क्षेत्र के शबगा जागौश गांव में निरीक्षण किया।



## एक नजर

# पिता ने बेटे के खिलाफ दी पुलिस को तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गांव में एक बेटे ने अपने पिता पर हमला बोल घायल कर दिया। पिता ने बेटे के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। रटौल निवासी फारूख पुत्र अली मौहम्मद ने बताया कि रात्रि वह घर पर सोया हुआ था तभी उसके पुत्र बिलाल ने उस पर धारदार हथियार से हमला बोल घायल कर दिया जब परिजनों ने उसे पकड़ना चाहा तो वह पिता को जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पिता ने अपने पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने किया जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा कार्यालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी ली। उन्होंने फाइलों के रख-रखाव में कमियाँ मिलने पर नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि पत्रावलियों का निस्तारण समयसीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) योजना की प्रगति की जानकारी ली एवं सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति, महिला स्वयं सहायता समूहों की फाइलें, अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका तथा कार्यालय रखरखाव की स्थिति का भी जायजा लिया। कार्यालयों में सफ़-सफ़ाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अतुल कुमार, अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# 17 सितम्बर तक अधिकारी न आए तो रोकेंगे विकास कार्य:धामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्वत की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में NHAI अधिकारियों की अनुपस्थिति पर किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने कड़ी नाराजगी जताई।

प्रदीप धामा ने चेतावनी दी कि अगर 17 सितंबर 2025 को किसान दिवस पर भी NHAI अधिकारी बैठक में नहीं आते हैं, तो बागपत में चल रहे सभी विकास कार्य रोक दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर बैठकर अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी से वार्ता कर अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में यमुना नदी से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा भी उठा। अधिकारियों ने सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की बात कही। जिला प्रभारी विनोद कुमार ने यमुना नदी में बार-बार गैस पाइपलाइन फटने की समस्या को गंभीरता से उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। मुख्य विकास अधिकारी ने गेल कंपनी को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। किसानों ने गैस पाइपलाइन के लिए मिले अपर्याप्त मुआवजे का मुद्दा भी उठाया। बैठक में चौधरी इंद्रपाल सिंह, राजेंद्र प्रधान, हिम्मत सिंह, गौरव बली, उपेंद्र तोमर, शिवदत्त शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शांतिपूर्वक चल रहे धरना पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में विद्यार्थियों ने फूंका पूतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा किये गए प्रदर्शन जो कि यूनिवर्सिटी द्वारा बिना मान्यता के स्स्ठ कोर्स में एडमिशन लेने के खिलाफ था जहां विद्यार्थी परिषद के शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई छात्रों को गंभीर चोटें आई, जिन्हें पहले बाराबंकी के जिला अस्पताल और फिर लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है जिसमें कुछ की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस घटना से नाराज छात्रों और ABVP कार्यकर्ताओं ने बाराबंकी पुलिस का पुतला दहन किया व नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जिमसें प्रान्त कि संयोजक अमित दीक्षित जिला संयोजक अमन गुप्ता जिला प्रमुख अनुज तोमर जिला मीडिया संयोजक अर्चित गुप्ता सत्यम चौधरी सौरभ तोमर आदर्श हरिओम गुप्ता अंकित पंवार ऋषभ जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का जिला संयोजक बनाया गया। अनिल तोमर ने बताया कि भाजपा जल्द ही चुनाव के लिए लिए कार्यशालाएं आयोजित करेगी और मंडलो में महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित कि जायेगी। कहा कि पंचायत चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। जनपद की सभी विधानसभाओं में पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौपकर चुनाव जिम्मेदारी से लड़ा जाएगा। उन्होंने संयोजक बनने पर प्रदेश व क्षेत्रीय पदाधिकारी के साथ-साथ पूर्व सांसद डा.सत्यपाल सिंह, जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन व जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय को धन्यवाद दिया।

# भारी बारिश के चलते सड़कें हुई जलमग्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मंगलवार को एनसीआर क्षेत्र में भारी बारिश ने सड़कों को जलमग्न कर दिया है। सड़कों का बुरा हाल हो गया है। नगर के मुख्य बाजार में भारी बारिश के चलते जल मग्न व तरणताल बन गई है।

क्षेत्र के बड़का गांव का अंडरपास में पानी भरने से ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बावली रोड का अंडरपास भी पानी से बढ़कर लबालब हो गया है। यह लोगों के लिए भारी परेशानी का सबक बन गया जल भराव के कारण लोगों को अपने वाहन लेकर जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ी मूसलाधार बारिश लगातार हो रही है। मंगलवार को काले बादलों ने डेरा डाल दिया सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में बिजली भी 5 घंटे से गुल पड़ी है। शहरी क्षेत्र के लोगों को एवं व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों में अंधेरा पसर गया है शहर के कुछ दुकानदार को अपना सटर बंद करके अपने घरों की तरु कुच कर गए हैं। शहर की दुकानों में भी कुछ जगह पानी भर गया है भारी बारिश के चलते शहर में मुनादी करवा दी गई है। सड़कों पर पानी भरने से आने जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# दरवाजे के सामने कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में पथराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सूप गांव में दरवाजे के सामने कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। लाठी-डंडों और धारदार हथियार चले। विवाद शांत कराने पहुंची पुलिस पर भी हमला हुआ, जिसमें एसआई और कांस्टेबल घायल हो गए।

रमाला थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह सूप गांव में कूड़ा डालने को लेकर बड़ा बवाल हो गया। अनुसूचित जाति के महावीर की बेटी रूबी जब कूड़ा डालने गई तो कुछ हिस्सा देवी सिंह कश्यप के दरवाजे के सामने गिर गया। इसी बात पर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गई। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। महिलाओं ने भी एक-दूसरे पर हमला किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब विवाद शांत कराने की कोशिश की तो भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया। इसमें एसआई मयंक, महिला पुलिसकर्मी बबीता चौधरी, कांस्टेबल मीनू शर्मा और विकास कुमार घायल हो गए। घायलों को बड़ौत सीएचसी ले जाया गया, जहां से दो की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रफेर कर दिया गया। गांव में तनावपूर्ण हालात को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# योजना से कुल 18,376 महिलाएं हुई लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वित्तीय वर्ष 2024-25 तक कुल 18,376 महिलाएं योजना से लाभान्वित हुई, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 512 नए लाभार्थियों की स्वीकृति के साथ यह संख्या बढ़कर 18,888 हो गई है जो योजना से प्रत्यक्ष लाभान्वित हो रही है। इन सभी को मिलाकर अब तक कुल 5,63,25,000 की धनराशि व्यय की जा चुकी है। सिर्फ आर्थिक मदद ही नहीं, बल्कि यह योजना महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा और मानसिक संबल भी प्रदान कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं बताती हैं कि यह पेंशन बच्चों की पढ़ाई, दवाइयों की खरीद और रोजमर्रा के खर्च पूरे करने में मदद करती है। कई महिलाओं ने कहा कि पहले उन्हें रिश्तेदारों या दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब वे आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन कर पा रही हैं। यह योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक असमानता को कम करने की दिशा में अहम कदम है। निराश्रित महिलाओं को सहारा देने से न केवल उनका जीवन सुधरता है बल्कि उनके बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित होता है। साथ ही, यह योजना समाज में महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता और समान अवसर उपलब्ध कराने का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। बागपत प्रशासन लगातार इस योजना का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक लाभ पहुँचाने की कोशिश कर रहा है। इस योजना ने यह साबित कर दिया है कि सरकारी नीतियाँ केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि वे सम्मानजनक जीवन देने और समानता आधारित समाज बनाने का जरिया भी बन सकती हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सालिम व उसकी पत्नि मुस्कान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। यामीन पुत्र समेदीन निवासी ग्राम अशरफाबाद थल, थाना रमाला तहसील बडौत जनपद बागपत।

# निराश्रित महिला पेंशन योजना बनी सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना आज हजारों परिवारों के लिए राहत और सम्मानजनक जीवन जीने का आधार बन चुकी है।

इस योजना ने विशेषकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की महिलाओं को वह सहारा दिया है, जिसकी उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता थी। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार की दर से त्रैमासिक तीन हजार की धनराशि सीधे पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से बैंक खाते में भेजी जाती है। यह व्यवस्था न केवल पूरी तरह पारदर्शी है बल्कि महिलाओं को अनावश्यक दौड़-धूप और बिचौलियों की परेशानी से भी बचाती है। योजना की पात्रता स्पष्ट और व्यावहारिक है। लाभ केवल उन्हीं महिलाओं को दिया जाता है जो उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी हों और जिनके पति का निधन हो चुका हो। आवेदिका की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा परिवार की कुल वार्षिक आय 2 लाख से कम हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि आवेदिका किसी अन्य सरकारी पेंशन योजना का लाभ न ले रही हो। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की गई है। इच्छुक महिलाए पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर आवेदन कर सकती हैं। इनमें पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति और आधार से लिंक मोबाइल नंबर शामिल हैं। इस डिजिटल प्रणाली से प्रक्रिया तेज और सरल हुई है।

# युवा खिलाड़ियों को मिलेगा अपना हुनर निखारने का अवसर: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठके के दौरान डीएम ने कहा कि जनपद में खेल प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। व्यावसायिक स्विमिंग पूल एवं जिम के संचालन हेतु पंजीकरण, अनापत्ति एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में संचालित मानक-विरुद्ध स्विमिंग पूलों के संबंध में नोटिस जारी किए जाएं तथा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि क्रिटिकल गैप फंड से जिला खेल कार्यालय परिसर में लगभग 8 लाख रुपये की लागत से बॉक्सिंग रिंग एवं शेड निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र क्रियान्वित किया जाए। बैडमिंटन हॉल में सिंथेटिक फ्लोरिंग, पर्याप्त लाइटिंग और रंगाई-पुताई का कार्य सीएसआर फंड से कराने के निर्देश दिए गए। जिला क्रीड़ाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी दी कि जिला खेल परिसर में स्विमिंग पूल की मरम्मत पूरी हो चुकी है जिसके संचालन हेतु जीवन रक्षक एवं सफाईकर्मी की आवश्यकता है जिनके नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही का निर्णय लिया गया। जनपद में संचालित सभी स्विमिंग पूल, जिम एवं निजी खेल कोचिंग एकेडमियों का पंजीकरण अनिवार्य होगा और बिना पंजीकरण के संचालित संस्थानों पर कारवाई होगी। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद में खिलाड़ियों के बीच लोकप्रिय खेलों जैसे तीरंदाजी, बैडमिंटन, जूडो-कराटे, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, हॉकी, एथेलेटिक्स को प्रोत्साहन देने हेतु खेल गतिविधियों को और सशक्त किया जाए। दिव्यांग एवं महिला खिलाड़ियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व पंकज वर्मा बव ट्रैफिक विजय कुमार परियोजना निदेशक राहुल वर्मा हॉकी कोच कृपाल सिंह सहित खेल विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, खेल संघों के पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक योगेश वर्मा पहुंचे बाढ़ प्रभावित खादर क्षेत्र

## बाढ़ पीड़ितों के लिए बने सहारा, तटबंध बनाने के लिए दिए 50 हजार

### बोले घबराएं नहीं, समाजवादी पार्टी हमेशा आपके साथ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** गंगा के बढ़े जलस्तर से बेहाल खादर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा को साझा करने पूर्व विधायक योगेश वर्मा मंगलवार को दौरे पर पहुंचे। गांव-गांव घूमकर उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

पूर्व विधायक ने ग्राम बस्तोरा पहुंचकर कहा कि इस विपत्ति की घड़ी में किसी को डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। समाजवादी कार्यकर्ता हर हाल में जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित ग्रामीणों को तुरंत राशन, दवाइयां और मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था कराई जाए। इस दौरान उन्होंने ग्राम बस्तोरा के ग्राम वासियों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की और कहा कि इन पैसों से जेसीबी का किराया और जहां-जहां पर तटबंध टूटे हुई है वहा पर मिट्टी से भराव कराकर उसे रोका जाए ताकि गांव में पानी आने से रोका जा सके। पूर्व विधायक योगेश वर्मा की आर्थिक मदद के बाद बाढ़ पीड़ित और उन किसानों में एक आस दिखाई दी। जिनके खेत डूबे पड़े हैं सभी गांव वाले योगेश वर्मा के पीछे-पीछे चलते हुए दिखाई दिए। योगेश वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द राहत व बचाव कार्य तेज नहीं किए तो समाजवादी पार्टी खुद मोर्चा संभालेगी। बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के आश्वासन पर राहत की सांस ली और उम्मीद जताई कि उन्हें अब मदद जरूर मिलेगी।

### कहां गायब हैं प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री!

पंजाब हरियाणा सहित उत्तर प्रदेश के कई जिले इस समय बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हस्तिनापुर के खादर क्षेत्र में दर्जनों गांव खाली होते हुए दिखाई दे रहे हैं वहीं उत्तर प्रदेश के राज्य जल शक्ति मंत्री दिनेश खटीक खुद हस्तिनापुर से विधानसभा में पहुंचे हैं लेकिन उसके बावजूद हस्तिनापुर की हालत आज किसी से छुपी नहीं है हर तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। लोगों के खेत खलियान यहां तक के घर भी बहते हुए जा रहे हैं लेकिन प्रदेश के जल शक्ति मंत्री और हस्तिनापुर के विधायक इस जल प्रलय को देखकर भी पूरी तरह खामोश है। उन्होंने क्षेत्र से पूरी तरह दूरी बना ली है जिसकी वजह से खादर के दर्जनों गांव आज भाजपा सरकार के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं। उनका कहना है कि दिनेश खटीक मंत्री तो बन गए हैं लेकिन उन्होंने इस क्षेत्र के लिए कोई काम नहीं किया है वह प्रदेश में राज्य जल शक्ति मंत्री हैं लेकिन उसके बावजूद उन्होंने अपने ही विभाग में कोई काम करके नहीं दिखाया है और इसी की वजह से आज लोगों के सपने बाढ़ में बह रहे हैं।

### ग्रामीण बोले अधिकारी कर रहे मदद का दिखावा

गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति मंडरा रही है और इतना ही नहीं पानी ने खेतों की फसलों को भी बर्बाद कर दिया है और गांव में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। हस्तिनापुर खादर क्षेत्र में बह रही गंगा नदी का जल लगातार कई गांवों को अपना शिकार बन चुका है हर तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है जिसके चलते लोग अपने गांव और खेत छोड़कर सुरक्षित स्थान तलाश कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हमें शासनों प्रशासन से कोई मदद नहीं मिल रही है केवल यहां दिखावा करने के लिए अधिकारी आ रहे हैं। लोगों की नाराजगी की सूचना मिलकर मेरठ के एडीएम एफ सूर्यकांत त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में बाढ़ पीड़ित लोगों से वार्तालाप की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया लेकिन लोगों का गुस्सा प्रशासन के खिलाफ दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि लगातार तटबंधन टूट रहे हैं और गांव में पानी आ रहा है लेकिन क्षेत्र के जल शक्ति मंत्री अपनी कोई भी शक्ति नहीं दिख रहे हैं वह पूरी तरह इस क्षेत्र से बेखबर हो चुके हैं।

---

### हर्रा प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका पर लगा आरोप

# बच्चों से पढ़ाई छुड़वाकर पंखा झलवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय हर्रा से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका प्रतिभा रानी भारती पर छात्रों से हाथ से पंखा झलवाने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने महा निदेशक विद्यालय शिक्षा उत्तर प्रदेश और शिक्षा निदेशक बेसिक को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि अध्यापिका विद्यालयीन समय में शिक्षण कार्य करने के बजाय बच्चों से रोजाना हाथ से पंखा झलवाती रहती हैं। इससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न हो रहा है शिकायत में यह भी कहा गया है कि शिक्षिका आरटीई निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद भी नामांकन बढ़ाने में कोई प्रयास नहीं करतीं। उल्टे, आसपास के मान्यता प्राप्त विद्यालयों से सांठगांठ कर छात्रों का नामांकन वहां कराती हैं। आरोप पत्र में यह भी उल्लेख है कि अध्यापिका अपने लखनऊ स्तर तक के सम्बन्धों का दबाव विद्यालय स्टाफ पर डालती हैं। शिकायत के साथ छात्रों से पंखा झलवाते हुए फोटोग्राफ और वीडियो (पेनड्राइव सहित) भी शिक्षा विभाग को भेजे गए हैं। विनोद कुमार ने मांग की है कि विभाग तत्काल मामले की जांच कर शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में बच्चों के साथ इस प्रकार की घटनाएं न हों। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मेरठ का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी और तथ्य सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

### बारिश से मौसम हुआ सुहाना, आज भी आठवीं तक के स्कूल बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया। सुबह से ही आसमान पर काले बादलों का डेरा रहा और दिनभर सूरज दिखाई नहीं दिया। लगातार हुई बरसात से जनजीवन प्रभावित रहा और कई जगह जलभराव की स्थिति बन गई। निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, भारी बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी ने जनहित में कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी। अचानक छुट्टी से बच्चे तो खुश दिखे, लेकिन अभिभावकों को परेशानी उठानी पड़ी। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल बरसात का यह दौर जारी रह सकता है।

---

## स्वदेशी जन जागरण अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रोहित उर्फ मोनू बंसल द्वारा स्वदेशी जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी उपस्थित व्यापारियों ने स्वदेशी वस्तुओं के अधिकतम उपयोग का संकल्प लेते हुए स्वदेशी जन जागरण हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर हस्ताक्षर किये गये।

हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत व्यापारियों ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की प्रतिज्ञा ली। व्यापारियों की भागीदारी व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा मेरठ रोहित उर्फ मोनू बंसल की अपील पर सभी व्यापारी बंधुओं ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को बढ़ावा देने और विदेशी उत्पादों से दूरी बनाने का संकल्प लिया। हस्ताक्षर अभियान में व्यापारियों ने अपने समर्थन के रूप में हस्ताक्षर कर अभियान को सफल बनाया। इस अभियान के जरिये देशवासियों को स्वदेशी वस्तुओं के महत्व और उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने व्यापारियों से राष्ट्रहित में स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया है। यह कार्यक्रम क्षेत्र में स्वदेशी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित होगा। कार्यक्रम में कई प्रमुख भाजपा पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। जिनमें व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन मनचंदा, नगर अध्यक्ष सुदर्शन गोयल, ओम प्रकाश, दीपक भड़ाना, मनीष राणा, सत्येंद्र शर्मा, डॉ. श्रीपाल कोहली आदि लोग मौजूद थे।

---

## फायरिंग के आरोपियों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इंचौली/लावड़।** बीते रविवार को ग्राम खरदौनी में मामूली कहासुनी के बाद औरंगजेब पुत्र तैमूर व आफाक पुत्र हारून ने बाईक पर सवार होकर गांव के ही सद्दाम पर जान से मारने की नियत से फिल्मी स्टाइल में फायरिंग की थी जिसमें सद्दाम बाल बाल बच गया था जिसमें पीड़ित पक्ष की ओर से इंचौली थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने सोमवार की मध्य रात्रि फायरिंग के आरोपी औरंगजेब व आफाक को गिरफ्तार कर लिया। कड़ी पूछताछ करने के बाद पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कराने के लिए ले जाया जा रहा था तभी इंचौली खरदौनी मार्ग पर पहुंचते ही एक आरोपी औरंगजेब पुलिस की जीप से कूदकर भागने लगा जिससे उसका दाहिना हाथ टूट गया पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और निशानदेही से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस बरामद कर लिया।

### एक आरोपी पुलिस की जीप से कूदकर हुआ घायल, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

---

# दो पक्षों के विवाद में घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा, परिजनों ने जमकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोहटा।** थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव में निर्माणधीन मकान के छज्जा लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच में हुए संघर्ष में घायल दूसरे ने भी मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार की दोपहर को दम तोड़ दिया। हालांकि एक भाई की न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में जमानत कराने के बाद हालात बिगड़ गई थी। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई थी। अस्पताल में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मर्चरी भेज दिया। बता दें कि रोहटा थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव में रामबीर पुत्र धर्मसिंह मकान का निर्माण करा रहा है। मकान के बाहर छज्जा निकालने को लेकर फूल कुमार पक्ष विरोध कर रहा है। 2 अगस्त की सुबह को रामबीर का बेटा रवि व भतीजा पंकज पुत्र सोमवीर मकान की सेटरिंग का सामान लगा रहा था। इसी बीच फूल कुमार पक्ष से आधा दर्जन लोगों ने आकर गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया था। सिर मे धारदार हथियार लगने से रामवीर का भाई सोहनवीर पुत्र धर्मसंह, बेटा रवि व भतीजा पंकज गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में उपचार कराया था।

स्वजन सोहनवीर की हालात नाजुक देख उसको सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया था। लेकिन न्यायिक कोर्ट में जमानत कराने के बाद रामबीर की हालात बिगड़ गई थी। स्वजन उसको गंभीर हालात में मेट्रो अस्पताल में लेकर गए थे। जहां चिकित्सकों ने रामबीर को मृत घोषित कर दिया था। रामबीर की मौत से आक्रोशित स्वजन ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रोहटा थाना प्रभारी पर आरोपितों से सांठगांठ का आरोप लगाते हुए घायलों का सही समय पर उपचार नही कराने का आरोप लगाकर थाने के गेट पर घंटो धरना दिया था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन पर शांत हुए थे। बाद में मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने सात के खिलाफ मुकमदा दर्ज कर लिया था। लेकिन अभी तक पुलिस गिरफ्तारी नही कर पाई है। लेकिन मंगलवार को सुभारती अस्पताल मे घायल सोहनवीर पुत्र धर्मसिंह ने भी दम तोड़ दिया। दोनों भाईयों की मौत की सूचना से स्वजन मे कोहराम मच गया। सूचना पर अस्पताल में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भेज दिया। वहीं स्वजन का आरोप है कि एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस जिला स्तर के अधिकारी के चालक की सांठगांठ से पुलिस अभी तक आरोपितों को गिरफ्तार नही कर पा रही है। वहीं थाना प्रभारी पूनम जादौन ने कहा कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर मर्चरी भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाही की जायेगी। वहीं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

---

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता पर की गई अशोभीनीय टिप्पणी के विरोध में राहुल गांधी का पुलता जलाया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक जैन ने कहा राहुल गांधी हमेशा से अमर्यादित राजनीती करते रहे है। चाहे राफेल का मुद्दा हो चाहे चौकीदार चोर का मुद्दा हो, आरएसएस के विरुद्ध बयानबाजी का मुद्दा हो सभी पर जाकर अंत मे उन्हें कोर्ट मे जाकर मफी मांगनी पड़ी है। अब वोट चोरी का झूठा मंनघड़न्त मुद्दा उठाकर जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। आलोक जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के विषय में अमर्यादित शब्द प्रयोग कर रहे है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर मनमोहन त्यागी, दीपक विश्वकर्मा, पिंकी सोम, शालिनी सैनी, उमा त्यागी, इंदिरा जाटव, पूजा जैन, विमला सैनी, कुसुम सैनी, रागिनी, पूजा आदि बड़ी संख्या में महिला शक्ति मौजूद थी।

---

## एमबीबीएस में चयन होने पर छात्र का विद्यालय परिवार ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** स्टार अल फलाह इंटर कॉलेज किठौर के छात्र रहे अबुजर का एमबीबीएस में चयन होने पर विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी गई। अबुजर पुत्र रिफाकत निवासी दिल्ली ने 2023 में विद्यालय से इंटर विज्ञान वर्ग में परीक्षा पास की थी।

इस साल उसे एसबीबीएस में सफलता मिली। उसे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बारां राजस्थान में दाखिला मिला। विद्यालय के प्रबंधक डाक्टर नुसरत ने अबुजर को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं बताया कि स्टार अल फलाह इंटर कालेज अपने स्थापना वर्ष से ही प्रत्येक क्षेत्र में क्षेत्रवासियों को अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा छात्र को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज का समस्त स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।

---

## जागेश्वर मंदिर में गणेश विसर्जन पूजा अर्चना कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को बड़े ही धूम धाम से गणेश जी महाराज जिन्हें पूरे विधि विधान से श्रीजागेश्वर धाम मंदिर में गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को स्थापित किया गया था उनका विसर्जन पूजा अर्चना आरती के बाद किया गया। सरस्वती लोक स्थित श्रीजागेश्वर धाम मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ भोले की झाल पर विसर्जित किया गया। मुख्य जजमान हिमांशु रस्तोगी ने परिवार सहित गणेश पूजन के बाद आरती करके गणेश जी को विसर्जित कर फिर से जल्दी आगमन के लिए विनती की। आज के इस शुभ अवसर पर सरस्वती प्रेम स्मृति ट्रस्ट के महासचिव वरुण अग्रवाल, हर्षित गोयल, महेश बाली, उमाशंकर पाल, अमित गुप्ता, मोहित बंसल बिल्डर, विकास बंसल, शुभम गुप्ता, अंकित मित्तल इत्यादि सभी उपस्थित रहे।

---

## परीक्षितगढ़ में टीम तेजस्विनी का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार व अखिल विद्या समिति के तत्वाधान में टीम तेजस्विनी का गठन किया गया है। जिसमें नगर के गांधारी तालाब के प्रांगण में प्रशिक्षण शुरू किया गया जिसमें सैकड़ो युवतियों ने भाग लिया। शिविर का उद्घाटन अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रोहिला ने करते हुए कहा कि बदलते समय के अनुसार बेटियों की सफलता व सुरक्षा के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना जरूरी है समिति इस तरह का प्रयास लगातार करती रही है।

इस मौके पर थाना परीक्षितगढ़ की मिशन शक्ति प्रभारी आरती यादव ने मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमें बेटियों को सशक्त बनाना है जिसके लिए यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है। वहीं टीम की प्रभारी स्वाति चौधरी ने छात्राओं को मार्शल आर्ट व सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देते हुए एंटी रोमियो लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए लड़कों पर लगाम लगाने के लिए एंटी रोमियो की जानकारी दी। इस मौके पर कात्यानी रोहिल्ला, प्रिया कात्यानी, मानसी, कृतिका, रिंकू सिंह, मोहनी वर्मा आदि मौजूद रही।

---

### रियलमी 15टी 18,999 रु. में भारत में मिलना शुरू हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपना नया स्मार्टफोन रियलमी 15 टी लॉन्च किया है। यह 50 मेगापिक्सल के फ्रंट और 50 मेगापिक्सल के रियर एआई कैमरा सेटअप वाला अपने सेगमेंट का एकमात्र स्मार्टफोन है। इसके अलावा, रियलमी 15टी में 7.99 मिमी की स्लीक बॉडी में 7000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई है, जो फ्लैगशिप ग्रेड की एमोलेड क्लैरिटी और एडवांस्ड ड्यूरेबिलिटी प्रदान करती है। 4000 निट 4आर कम्फर्ट एमोलेड, मीडियाटेक डायमेंसिटी 6400 मैक्स 5जी प्रोसेसर, उद्योग में अग्रणी आईपी 66/68/69 वॉटर रजिस्टैंस और प्रो-ग्रेड के ड्युअल एआई कैमरा के साथ रियलमी 15टी ने अपने सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

---

## साई धाम के लोगों ने जेई पर मिली भगत से दीवार तोड़ने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित साई धाम कालोनी के निवासियों ने मंगलवार को मेरठ विकास प्राधिकरण एमडीए के जूनियर इंजीनियर राकेश राणा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कालोनीवासियों ने एमडीए अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि जेई ने कालोनी की सुरक्षा दीवार को तोड़कर जबरन रास्ता बनाने का प्रयास किया है। लोगों का कहना है कि साईधाम कॉलोनी तीनों तरफ से बंद थी और इसी वजह से यहां का माहौल सुरक्षित रहता था। लेकिन दीवार टूटने के बाद से कालोनी में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगने लगा है, जिससे स्थानीय लोग भयभीत और परेशान हैं।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलोनी के पीछे खाली पड़ी जमीन पर एक प्रॉपर्टी डीलर की नजर है, जो डाबका क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। निवासियों का आरोप है कि उक्त प्रॉपर्टी डीलर और जेई राकेश राणा आपस में मिले हुए हैं और दीवार तोड़ने की कार्रवाई उसी के दबाव में की गई है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलोनी की दीवार को तुरंत दोबारा बनाया जाए और अवैधा तरीके से रास्ता खोलने की साजिश पर रोक लगाई जाए। साथ ही निवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे सामूहिक आंदोलन को और तेज करेंगे।

---

# पीएनबी एमडी अशोक चन्द्र का मेरठ दौरा

## वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, ग्राहकों से लिया फीडबैक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चन्द्र ने मंगलवार को मेरठ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पीएनबी अंचल कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बैंक की ग्रीन पहल 'पलाश' का उल्लेख करते हुए बताया कि देशभर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण, पेपर वेस्ट में कमी, सोलर लाइट एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसके बाद अशोक चन्द्र गढ़ रोड स्थित होटल हारमनी इन में आयोजित ग्राहक सम्मेलन में पहुंचे। यहां उन्होंने ग्राहकों से सीधे संवाद कर उनकी राय और सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि पीएनबी अपने 18.5 करोड़ ग्राहकों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक देश का दूसरा सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक है, जिसकी स्थापना स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय सहित अन्य महान विभूतियों ने एक स्वदेशी बैंक के रूप में की थी। बैंक व्यवसाय विस्तार के लिए कृषि, एमएसएमई और रिटेल कारोबार से जुड़े क्लस्टर आधारित आउटरीच शिविरों का आयोजन करता है, जिनमें ग्राहकों को विभिन्न योजनाओं और बैंकिंग उत्पादों की जानकारी दी जाती है। मेरठ की औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रगति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र व्यावसायिक गति. विधियों का प्रमुख केन्द्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि पीएनबी का मेरठ अंचल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में फैला है, जहां 378 शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को विविध बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर अंचल प्रबंधक कुलदीप सिंह राणा, उप अंचल प्रबंधक मुकुल अग्रवाल एवं राजकुमार अग्रवाल, आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय प्रमुख अरविन्द तिवारी, मंडल प्रमुख सुदर्शन रथ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

● विश्व प्रत्यारोपण खेल

# भारतीय एथलीटों ने जीते 63 पदक

**सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उपलब्धियों की सराहना की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑर्गन इंडिया, गैर सरकारी संगठन पाराशर फाउंडेशन और भारतीय दल के टीम प्रबंधकों की एक पहल, ने जर्मनी के ड्रेसडेन में विश्व प्रत्यारोपण खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों को गर्व से आज सम्मानित किया।

भारत की भागीदारी के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में, ऑर्गन इंडिया टीम ने खेलों में देश के अब तक के सबसे बड़े दल की तैयारी, प्रशिक्षण, प्रायोजन की व्यवस्था और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और उनके जज्बे की सराहना की। इस वर्ष, 57 एथलीटों (49 अंग प्राप्तकर्ता और 8 जीवित दाता) ने 17 खेलों में 51 देशों के 1,600 प्रतिभागियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, ये खेल एथलेटिक उत्कृष्टता का उत्सव और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और दाताओं की ताकत का एक वैश्विक प्रमाण हैं। भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 63 पदक (16 स्वर्ण, 22 रजत, 23 कांस्य) हासिल किए, जो पर्थ 2023 में जीते गए 35 पदकों से लगभग दोग.ुना है और कुल मिलाकर 13वां स्थान प्राप्त किया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करते हुए, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल में पहली टीमों ने विशिष्टता के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें तीरंदाजी ने दो पदक जीते। एथलीट राजस्थान, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, गोवा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और दिल्ली से आए थे। वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके, भारत के एथलीटों ने अपने गृहनगरों और पूरे देश में चर्चाओं को जन्म दिया है, परिवारों को अंगदान करने और एक ऐसी बुनियादी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है जहां अंगदान को जीवन बचाने वाले उदारतापूर्ण कार्य के रूप में देखा जाता है। यह उपलब्धि दिनेश व्यास पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के लगातार दूसरी बार दिए गए अटूट समर्थन और सुब्रोस के बहुमूल्य सहयोग से संभव हुई, जिनके योगदान से यह आयोजन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। गीके लवलडग, टू द न्यू, ऑर्गन ट्रांसप्लांट ट्रस्ट, मैकलॉड फार्मा, डॉ. ओ.पी. भल्ला फाउंडेशन और प्यूमा जैसे समर्थकों के आभारी हैं जिन्होंने एथलीटों के लिए सभी किट प्रायोजित करने में योगदान दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि, स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष डॉ. मलिक नड्डा, विशिष्ट अतिथि एनओटीटीओ के निदेशक डॉ. अनिल कुमार और दिनेश व्यास ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री कुंती झावेरी, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (प्रशिक्षण भागीदार) के एमडी और सीईओ राजीव कपूर सहित अन्य प्रायोजकों और समर्थकों ने भाग लिया और एथलीटों और उनकी उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाया। मुख्य आकर्षण में, अपनी पत्नी को किडनी देने वाले जसकरन सिंह ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीते, और खेलों के उत्कृष्ट दाता एथलीट का खिताब अर्जित किया। राजस्थान के रामदेव सिंह, जिन्होंने 2012 में अपनी मां से किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था।

# महिला एशिया कप में विश्व कप टिकट दांव पर

● **एशिया कप प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट 5 से 14 सितम्बर तक चलेगा, इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** गोंगशु, चीन महिला एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशिया का प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट, जो 5 से 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें चैंपियन टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 के लिए अपनी टिकट बुक करेगी।

टूर्नामेंट प्रारूप- इस टूर्नामेंट में 8 टीमें होंगी, जिन्हें पूल ए और बी में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 पूल चरण में आगे बढ़ेंगी, जहां टीमें एक द्वितीयक पूल में प्रतिस्पर्धा करेंगी और एक से चार तक रैंक प्राप्त करेंगी। सेमीफाइनल लाइन-अप द्वितीयक पूल के परिणामों के आधार पर तय किया जाएगा, जबकि पहले पूल चरण में प्रत्येक पूल से नीचे की दो टीमें वर्गीकरण और विश्व रैंकिंग अंकों के लिए खेलेंगी।

**पूल ए:** चीन, चीनी ताइपे, कोरिया, मलेशिया

पूल बी: भारत, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर

**मैच कार्यक्रम**- टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर को पूल बी के मुक.ाबलों से होगी, जहां जापान का पहला मैच सिंगापुर से होगा और उसके बाद भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा। इसके बाद पूल ए के मैच होंगे, जहां सभी 8 टीमें पहले दिन मैदान में उतरेंगी। कोरिया बनाम चीनी ताइपे के मैच से पूल ए की शुरुआत होगी और फिर दिन का अंतिम मैच मेजबान चीन और मलेशिया के बीच होगा। महिलाओं की प्रतियोगिता का प्रारंभिक पूल चरण 5 से 8 सितंबर तक खेला जाएगा, उसके बाद द्वितीयक पूल चरण, पोज़िशनल प्लेऑफ और पदक मैच 10 से 14 सितंबर तक खेले जाएंगे।

**विश्व कप योग्यता**-महिला प्रतियोगिता की विजेता टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स के बीच होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान मिलेगा।

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 की महिला प्रतियोगिता के लिए अब छह टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड्स, इस आयोजन के मेजबान होने के कारण, सीधे क्वालीफाई कर गए हैं। जर्मनी और अर्जेंटीना ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले दो संस्करणों के माध्यम से क्वालीफाई किया था। अमेरिका ने पैन अमेरिकन कप के माध्यम से और स्पेन ने यूरोहॉकी चैंपियनशिप के माध्यम से क्वालीफाई किया। एशिया के साथ-साथ, अफ्रीका और ओसनिया में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप इस आयोजन के लिए तीन सीधे क्वालीफायर तय करेंगी, जबकि शेष सात टीमें 2026 में एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी। पैन अमेरिकन कप और यूरो हॉकी चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित महिला टीमों ने एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026 के लिए क्वालीफाई किया है: उरुग्वे, चिली, कनाडा, आयरलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली, वेल्स, स्कॉटलैंड, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड, इसके अलावा आगामी एशिया कप से चार और ओसनिया कप से एक टीम क्वालीफाई करेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार


### कमिंस को लगी चोट न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैचों से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** पैट कमिंस को नवंबर में शुरू होने वाली घरेलू एशेज श्रृंखला की तैयारी के दौरान आराम मिलेगा, क्योंकि स्कैन में उनकी पीठ में 'काठ की हड्डी में खिंचाव' का पता चला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इस ऑलराउंडर को 'और अधिक प्रबंधन की आवश्यकता होगी', और उन्हें न्यूजीलैंड (अक्टूबर में) और भारत (अक्टूबर-नवंबर में) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। यह समस्या ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज दौरे के बाद नियमित जांच के दौरान सामने आई थी।

### न्यूजीलैंड ने क्रेग मैकमिलन को कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की कोशिश में न्यूजीलैंड ने अपने कोचिंग कौशल को मजबूत किया है और क्रेग मैकमिलन को पूर्णकालिक आधार पर कोच नियुक्त किया है। मैकमिलन पिछले साल अंशकालिक अनुबंध पर टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने व्हाइट फर्न्स को यूएई में महिला टी-20 विश्व कप में सफलता दिलाने में मदद की थी। ब्लैक कैप्स के पूर्व ऑलराउंडर मुख्य कोच बेन सॉयर के नेतृत्व में महिला टीम को बैटिंग व क्षेत्ररक्षण, दोनों विभागों में सहयोग देंगे। इस घोषणा पर मैकमिलन ने कहा कि व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका को पाकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का खेल लगातार बेहतर होता जा रहा है और मैं अपनी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करना जारी रखने और उन्हें अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं।

# युकी-वीनस अहम मुकाबले को तैयार



● **पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में नोवाक का सामना टेलर से सुबह छह बजे होगा**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** यूएस ओपन एक महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां आगे कई बड़े मुक.ाबले होने वाले हैं। जिरी लेहेका का सामना पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज से होगा, आज रात 10:30 बजे भारतीय समयानुसार। आर्यना सबालेंका का सामना महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 4:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा, इसके बाद पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज से सुबह 6:00 बजे होगा। पुरुष युगल में, माइकल वीनस और युकी भांबरी का सामना राउंड ऑफ 16 में टिम पुट्ज और केविन क्राविएट्ज से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 2:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा।

यूएस ओपन 2025 के 9वें दिन कई उल्लेखनीय परिणामों के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की और कोर्ट पर असाधारण दबदबा दिखाया। अमांडा अनिसिमोवा ने एक बधी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नाओमी ओसाका ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करते हुए कोको गॉफ को हराकर 2021 के बाद से अपने पहले बड़े क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युगल में, वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। ऑगर-अलियासिमे भी आंद्रेई रुब्लेव पर सीधे सेटों में जीत के साथ आगे बढ़े। ऐश व लुई स्टेडियम में दिन भर के रोमांचक मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांचक दौर की नींव रखी।

# यूएई पर अफगानिस्तान की जीत

● **राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया**

**शारजाह, वार्ता।** राशिद खान ने आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ी के रूप में अपनी साख और मजबूत कर ली है। वे संयुक्त अरब अमीरात पर अफगानिस्तान की जीत के साथ पुरुषों की टी-20 विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

लेग स्पिनर ने एक बार फिर अपने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया और सोमवार रात 38 रनों की जीत में चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेकर अमीराती मध्यक्रम को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह उन्होंने न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए इस प्रारूप में 165 विकेट अपने नाम कर लिए। शरफुद्दीन अशरफ ने खतरनाक बल्लेबाज मुहम्मद वसीम (37 गेंदों में 67 रन) को आउट किया था, और इसके बाद राशिद ने चार गेंद बाद ही साथी बल्लेबाज आसिफ खान (1) को आउट कर मैच मेजबान टीम से छीन लिया।

एथन डिसूजा (12) को आउट करने के बाद, आसिफ के विकेट ने राशिद को साउदी की बराबरी पर ला दिया। लेग स्पिनर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर ध्रुव पाराशर (1) की गेंद पर बाहरी किनारा लेते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ध्रुव पाराशर को सब-फील्डर मोहम्मद इशाक ने कैच कर लिया। अफगानिस्तान की यह त्रिकोणीय श्रृंखला में पहली जीत है, क्योंकि पहले मैच में उसे पाकिस्तान से 39 रनों से हार का



सामना करना पड़ा था। इससे पहले, इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के बीच 84 रनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला, जिसके बाद करीम जनत और 2024 आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अजमतुल्लाह उमरजई की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को 188 रनों तक पहुंचाया, जिसमें बैकएंड पर तीन ओवरों में बनाए गए 49 रन शामिल थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राशिद और अफगानों के सामने यूएई को राहुल चोपड़ा के लिए कोई जोड़ीदार नहीं मिल पाया, जिन्होंने हार के दौरान 35 गेंदों में नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली थी।

# सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**न्यूयार्क, वार्ता।** प्रमुख सीजन में जैनिक सिनर ने कमजोरी के संकेत कम ही दिखाए हैं। यूएस ओपन के तीसरे दौर के मैच के दौरान, एक पल के लिए, इतालवी खिलाड़ी फ्री-स्विंगिंग डेनिस शापोवाल.ोव के सामने जोखिम में दिखे, जिन्होंने पहला सेट जीतकर तीसरे सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी। उस मुकाबले में संघर्ष करने के बाद, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने सोमवार को शानदार वापसी की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शानदार सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाया। सिनर ने कहा कि कुल मिलाकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं।ॽ इस साल पहली बार मैं यहां नाइट मैच



● **सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ बढ़ाया कदम**

खेल पा रहा हूं और इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। मैं सभी का आने और उत्साहवर्धन करने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह हम खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही खास मौका है, इसलिए आप सबका बहुत-बहुत शुक्रिया। यह सिनर की मेजर टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने रौलां गैरोमें तीसरे दौर में जिरी लेहेका को 6-0, 6-1, 6-2 से हराया था। बुब्लिक आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर कोर्ट पर उतरे थे, जब उन्होंने तीन राउंड तक एक भी सर्विस गेम नहीं गंवाया था। लेकिन सिनर ने मैच के अपने पहले दो रिटर्न गेम तुरंत जीत लिए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंदी की सर्विस आठ बार तोड़ी और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना करते हुए एक घंटे 21 मिनट में मैच जीत लिया। यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे कम समय में पूरा हुआ पुरुष एकल मैच था। सिनर ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। हमारे बीच कुछ कड़े मुकाबले हुए हैं, खासकर इस साल, इसलिए अब हम एक-दूसरे को थोड़ा बेहतर जानते हैं कि हम कैसे खेलते हैं। उन्होंने बस बधाई दी और मुझे शुभकामनाएं दीं। पिछला मैच उनके लिए बहुत मुश्किल था, पांच सेट खेले और बहुत देर से खत्म हुआ।

# वनडे विश्व कप और टेस्ट पर फोकस रखने के लिए स्टार्क का टी-20 से संन्यास

● **2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए लिया टी-20 से संन्यास**

**मेलबर्न, वार्ता।** मिचेल स्टार्क ने अगले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम और 2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की है। 35 वर्षीय स्टार्क ने 65 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आखिरी बार कैरेबियन में 2024 विश्व कप में इस प्रारूप में खेला था।

उनके 79 टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट वर्तमान में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे स्थान पर रखते हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट लेना है जो उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया है, खासकर 2021 विश्व कप में, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय ग्रुप में थे और उस दौरान जो मजा आया वह शानदार था। 2026 के मध्य से ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट क्रिकेट में एक व्यस्त दौर का सामना करना पड़ेगा जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, द. अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच, एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वां वर्षगांठ मैच और फिर 2027 के मध्य में विदेशी धरती पर एशेज सीरीज शामिल है।

### गॉफ को पस्त कर ओसाका क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयार्क, वार्ता।** नाओमी ओसाका ने सोमवार को कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने अमेरिकी खिलाड़ी का सफर खराब हो गया। सेंटर कोर्ट पर गॉफ को एरर व सर्विस में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि चार बार की चैंपियन ओसाका ने अपनी नियंत्रित आक्रामकता और लगातार शॉट लगाने से प्रभावित किया। ओसाका ने कहा कि मैं बस यहां आकर खेलने का मौका चाहती थी। यह दुनिया का मेरा पसंदीदा कोर्ट है, और यहां वापस आना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। जापानी खिलाड़ी का सामना अब चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त मुचोवा से होगा। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में, दूसरी वरीयता प्राप्त इगा ने एलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

# बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल ने रुख बदला, आगामी बीसीबी चुनाव लड़ने को तैयार




**ढाका, वार्ता।** आगामी चुनाव कराने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने अपना रुख बदल दिया है और उन्होंने अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने वाले अगले चुनाव में भाग लेकर बोर्ड का हिस्सा बनने का फैसला किया है।

तमीम इकबाल द्वारा आगामी चुनाव में भाग लेने का फैसला करने के कुछ दिनों बाद बुलबुल ने आगामी बोर्ड चुनावों में भाग लेने के अपने इरादे की पुष्टि की। वर्तमान में बीसीबी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत बुल.बुल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह आगामी चुनावों में निद.ेशक पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को सिलहट जिला स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद बुलबुल ने पत्रकारों से कहा कि मैं देश में क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से और ज्यादा काम करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि इंशाअल्लाह, हम अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव कराएंगे। हम निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। उन्होंने कहा कि यहां अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर नहीं होता - बल्कि निदेशकों का चुनाव होता है। यही हमारा पहला उद्देश्य है और मैं इसका हिस्सा बनने की कोशिश करूंगा।

# अपने आपको बड़े मैच का खिलाड़ी मानता हूं: नीतीश राणा



● **राणा ने तीन प्लेऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच जिताऊ पारियां खेली हैं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नीतीश राणा के लिए साल 2024 कुछ खास नहीं रहा था। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिताबी जीत अभियान में पहले चोट और फिर टीम कॉम्बिनेशन के कारण उन्हें सिर्फ दो मैचों में खेलने का मौका मिला। इसके बाद जब घरेलू सीजन आया तो रणजी ट्रॉफी के शुरूआती चार मैचों की छह पारियों में सिर्फ एक अर्द्धशतक आने के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नौ मैच जरूर खेले, लेकिन उसमें भी उनका औसत सिर्फ 13.88 और स्ट्राइक रेट 114.43 का रहा। विजय हजारे ट्रॉफी में भी एक मैच के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और जब रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण शुरू हुआ, तब भी वह टीम में नहीं थे।

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उनके नाम दो अर्द्धशतक जरूर थे, लेकिन 11 में से आधा दर्जन पारियों में वह दहाई के अंक को भी नहीं छू पाए थे। इसके बाद राणा ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने घर लौटने का फ़ैसला किया और कहा कि 2025-26 का घरेलू सीजन वह दिल्ली की तरफ से खेलेंगे। अब राणा ने इस घर वापसी का जश्न दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 की खिताबी जीत से मनाया है, जहां वह वेस्ट दिल्ली राइडर्स टीम के कप्तान थे। उन्होंने तीन प्ले ऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच-जिताऊं पारियां (135', 45', 79') खेलीं और बताया कि वह बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। इस खिताबी जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राणा ने कहा कि बड़े मैच में बड़े खिलाड़ियों का चलना बहुत जरूरी होता है।

### दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इंडिया येलो और इंडिया ऑरेंज का जलवा

**बेंगलुरु, वार्ता।** एनटीटी डेटा महिला टी-20 दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के दूसरे दिन बारिश के कारण हुई देरी के बावजूद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) द्वारा दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के साथ मिलकर आयोजित और एनटीटी डेटा द्वारा समर्थित, इस टूर्नामेंट में नवंबर 2025 में नई दिल्ली, काठमांडू और बेंगलुरु में होने वाले पहले महिला टी-20 दृष्टिबाधित विश्व कप के लिए भारत की शीर्ष 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। दूसरे दिन के मुख्य अंश: शिवानी के 35 गेंदों पर बनाए गए शानदार 56 रनों की बदौलत इंडिया येलो ने 141/5 का स्कोर बनाया। इंडिया ब्लू ने सलोनी (38) और अन्नू शर्मा (38) के दम पर वापसी की, लेकिन 11 रन से चूक गई।

# आसिफ अली ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के मध्य क्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 2021 टी 20 विश्व कप में अफग़ानिस्तान के खिलाफ रोचक मुकाबले में उनकी 7 गेंदों पर 25 रनों की पारी उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार पारी है। आसिफ ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को

● **पाक की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है: आसिफ अली**

अपने जीवन का एक गर्व करने योग्य अध्याय करार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। आसिफ ने कहा कि आज मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। अलहमदुलिल्लाह, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरव की बात रही है। मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 3 सितम्बर 2025

# अमेरिका की बौखलाहट

चीन के शहर तियानजिन में शंघाई शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर अमेरिका की भौहें तनी हुई दिखाई दे रही हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि जिस तरह सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच जिस तरह कैमिस्ट्री देखने में आई, इससे अमेरिका का नाराज होना स्वाभाविक ही था। वह अमेरिका से आई प्रतिक्रिया से छिपा भी नहीं है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत ने कारोबार एकतरफा आपदा शून्य टैरिफ की पेशकश अमेरिका से की थी, लेकिन अब देर हो चुकी है, तो ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो भारत के मामले में हस्तक्षेप करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने एक टीवी साक्षात्कार में यहां तक कह दिया कि रूस के तेल से ब्राह्मण मुनाफाखोरी कर रहे हैं और यह सब भारतीय जनता की कीमत पर हो रहा है। ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, इसे रोकने की जरूरत है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी महान नेता हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह पुतिन व जिनपिंग के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं। हालांकि कांग्रेस ने नवारो की यह कहकर आलोचना की है कि वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह वही नवारो हैं जो रूस-यूक्रेन युद्ध को यूक्रेन-मोदीवार की संज्ञा दे चुके हैं। वह कह चुके हैं कि पीएम मोदी की ही वजह से रूस यूक्रेन से युद्ध कर पा रहा है, क्योंकि अगर वह रूस से तेल लेना बंद कर दें, तो रूस यूक्रेन के साथ जंग बंद कर देगा, मतलब साफ है कि वह रूस से तेल व सैन्य उत्पाद लेकर रूस की आर्थिक मदद कर रहे हैं, जिसके बल पर रूस यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। यह बेतुका तर्क है और पुतिन ने साफ भी कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं बल्कि यूरोप और अमेरिका जिम्मेदार है। बात सही भी है नाटो देशों की जिद के चलते ही यह युद्ध भड़का हुआ है। नाटो देश खुलकर यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी ने शंघाई शिखर सम्मेलन में भी रूसी राष्ट्रपति से खुलकर मानवता के आधार पर इस युद्ध को रोकने की अपील की है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी व रूसी राष्ट्रपति पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की तिगड़ी की इस सम्मेलन में जुगलबंदी दिखाई दी, उससे अमेरिका का तिलमिलाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा, लेकिन इसके लिए कोई और नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद व अहंकारी रवैया ही अधिक जिम्मेदार है। भारत ने अपनी तरफ से अमेरिका के साथ हर संभव सहयोग करने की नीति पर काम किया। यहां तक कि अमेरिका को अपने रणनीतिकार का दर्जा दिया, लेकिन बदले में अमेरिका ने क्या दिया। यूं भी अमेरिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अमेरिका दोहरे आचरण वाला देश है। एक तरफ वह भारत व उसके पीएम मोदी को अपना मित्र भी बताता है, दूसरी तरफ वह मनमाना टैरिफ भी ठोकता है। जाहिर है, जिस तरह के बयान अमेरिका की तरफ से आ रहे हैं वह बताते हैं कि अमेरिका का रवैया भारत के प्रति बैर का रूप लेता जा रहा है, ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## मतदाता सूची में सुधार का काम चुनाव आयोग का



वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है, तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है, वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है, तो यह आयोग की गलती है, मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है, इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है, मतदाता सूची में सुधार का काम उसके बाद कई बार हुआ है, इसके बावजूद मेरा नाम नहीं हटाया गया है, तो इसके लिए आयोग जिम्मेदार है।

**-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति



आया तो पुतिन भी था। चुपचाप हवाई जहाज से उतरा। कार में बैठा। जहां जाना था चला गया। काम की बातें कीं। न दांत चियारा। न गले पड़ा। एक और आया। ढोल बजवाता, चियर गर्ल्स नचवाता, कैमरा, ऐक्शन ड्रामा। भारतीय मीडिया को आल्हा और भजन गाने लायक फुटेज भिजवा दिए गए। यह रेड कार्पेट और चियर्स गर्ल्स और दांत चियर्स की देश अब और क्या कीमत अदा करेगा, पता नहीं?

झालर व ऐप विरोध के बीच का सच यह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन व भारत के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,70,000 करोड़ रुपये) हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के कुल व्यापार घाटे का लगभग 35 फीसदी था। भारत का कुल व्यापार घाटा 283 अरब अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह अंतर 85.1 अरब अमेरिकी डॉलर था।

भारत के जबरदस्त प्रभुत्व वाले सार्क देशों के गठबंधन को चीन ने भोथरा कर डाला है। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। कहा यह जाता है कि यह बैठक भारत के प्रभाव को छोटे-मोटे एशियाई देशों में भी चौपट करने पर कूटनीतिक का हिस्सा थी। यहां यह बता दूं कि सार्क की बैठक 2016 के बाद से नहीं हुई है। बता दें कि कभी दक्षिण एशियाई देशों का शक्तिशाली संगठन रहा सार्क आज नाम मात्र का संगठन रह गया है। 2014 में काठमांडू में हुए अंतिम शिखर सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। हुआ यूं कि 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन पाकिस्तान के इस्लामाबाद में होना था। 18 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के शिविर पर जबरदस्त आतंकवादी हमला हो गया। यह हमला सार्क सम्मेलन को निपटाने के लिए हुआ था या कोई और कारण था इस पर मैं पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कह सकता। फिलहाल भारत ने इसके बाद सार्क सम्मेलन में हिस्सा लेने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप, बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी इस्लामाबाद में आयोजित होने वाले इस सार्क सम्मेलन में आने से मना कर दिए। पाकिस्तान, चीनी इशारे पर जो चाहता था, वह उसने कर दिया। सार्क सम्मेलन रद्द हुआ और फिर आज तक न हुआ।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है। इस पूरे खेल को चीन खेल रहा है। देर सबेर चीन पाकिस्तान को इस नए संगठन का मुखिया बनाकर, वह सारे खेल खेलना चाहता है, जो चीन को प्रिय होंगे। भारतीय मीडिया, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर जो रक्कासा नृत्य कर रहा है और जिस तरह की खबरें प्लांट कराई जा रही हैं, उसका सच कुछ और ही है। भारत को एसेंबलिंग यूनिट बनाकर रख दिया गया है। हम यहां केवल पैकिंग वाले डिब्बे बना रहे हैं लेकिन असल चिप, मदरबोर्ड से लेकर मशीनों व उपकरणों का सारा भेजा चीन से आ रहा है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट का उल्लेख करना चाहूंगा, भारत में जुलाई 2015 से जून 2016 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के 18 लाख असंगठित उद्यम बंद हो गए हैं। इस दौरान इन असंगठित उद्यमों में काम करने वाले 54 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं। हाल में जारी असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की फैक्ट शीट और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 2015-16 में किए गए 73वें दौर के सर्वेक्षण के तुलनात्मक विश्लेषण से यह बात सामने आई है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में करीब 178.2 लाख असंगठित इकाइयां काम कर रही थीं, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच काम कर रहीं 197 लाख असंगठित इकाइयों की तुलना में करीब 9.3 प्रतिशत कम हैं। इसी तरह से इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की संख्या भी इस दौरान करीब 15 प्रतिशत घटकर 3.06 करोड़ रह गई है, जो पहले 3.604 करोड़ थी। अनिगमित उद्यम में वे कारोबारी इकाइयां शामिल होती हैं, जो अलग कानूनी इकाइयों के रूप में निगमित नहीं होती हैं। आमतौर पर इन उद्यमों में छोटे व्यवसाय, एकल स्वामित्व, साझेदारी और अनौपचारिक क्षेत्र के कारोबार शामिल होते हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी के फैसले के बाद पूरे देश में जबरदस्त हड़कंप मचा रहा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट भी भारत में जबरदस्त छंटनी कर चुकी है। फिलहाल, इस देश में अब तथ्यात्मक बात करना विशुद्ध अपराध है। चीन रेड कार्पेट और रेड ड्रेस चियर्स गर्ल्स नचवाकर भविष्य में क्या नोचने की फिराक में है, यह तो समय बताएगा। फिलहाल मेन स्ट्रीम मीडिया रक्कासा बना नक्कारे की धुन पर फुलटास मुजरे की भूमिका में है, इनज्वाय करिए।

> दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है।



पवन सिंह

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है ये उनके निजी विचार है)

# तैमारा घाटी में आते ही बदल जाता है मोबाइल का समय

**इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है। ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।**

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है। इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।



### तैमारा घाटी

तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

### तैमारा घाटी की घटनाएं

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

### तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

### तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान से पनप रही बीमारियां

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विशेष**

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है।

2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।




पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ए पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। यह आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।



योगेश कुमार गोयल

शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सुरक्षा बलों के 'सेंटर' समूह के हमले में पिछले 24 घंटे में 385 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 385 सैनिकों, पांच बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, चार मोटर वाहनों और तीन तोपों का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के जैपद (प.) ग्रुप के सैनिकों ने 240 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है तथा वोस्तोक (पूर्व) ग्रुप के साथ लड़ाई में विरोधी पक्ष के 225 सैनिक मारे गए।

### चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री बाबिस पर चुनावी रैली में हमला

**प्राग।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस पर सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। चेक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बाबिस की पार्टी एएनओ के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि 2017 से 2021 तक चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री रहे बाबिस घटना के बाद जांच के लिए अस्पताल गए। उन्हें आई चोटों की गंभीरता के बारे में अभी पता नही चल पाया है। यह हमला पूर्वी शहर डोबरा में हुआ। चेक पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने हमले के तुरंत बाद उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच की जा रही है।

### वियतनाम ने राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई

**हनोई।** वियतनाम समाजवादी गणराज्य ने अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार राजधानी हनोई के बा दीन्ह स्क्वायर पर एक भव्य सैन्य परेड के साथ मंगलवार को अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह को आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ 21 तोपों की सलामी के साथ हुआ, जिसके बाद सशस्त्र बलों और पुलिस की टुकड़ियों के साथ एक सैन्य परेड हुई। परेड में सैन्य वाहनों, तोपों और हथियारों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया।

### डॉ. दीपक मित्तल यूएई में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डॉ. मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे।

# फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

## फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा

**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम ने घोषणा की है कि वह फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह एलान बेल्जियम के विदेश मंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि यह फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए दो शर्तें रखी गई हैं। गाजा में बंदी बनाए गए सभी इजरायली नागरिकों की रिहाई और हमास को राजनीतिक सत्ता से हटाना। विदेश मंत्री प्रेवोट ने साफ किया कि बिना इन दो शर्तों के यह मान्यता संभव नहीं है।

इसका मतलब है कि फिलहाल यह फैसला तुरंत लागू नहीं हो सकेगा। बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है और दुनिया के कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की प्रक्रिया में हैं।

बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है



अब तक 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मान चुके हैं, जिनमें दर्जनभर यूरोपीय देश भी शामिल हैं। प्रेवोट ने मंगलवार को यह भी कहा कि बेल्जियम वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों से आने वाले सामान पर बैन लगाएगा। साथ ही हमास नेताओं, हिंसक यहूदी बसने वालों और दो अतिदक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों को पर्सोना नान ग्राटा यानि देश में प्रवेश न करने योग्य घोषित करेगा। प्रेवोट ने कहा कि यह कदम इजरायली जनता को दंडित करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानून का पालन कराने के लिए उठाया गया है। प्रेवोट ने यूरोपीय संघ से भी अपील की कि वह इजरायल पर और दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि ईयू को इजरायल के साथ व्यापार समझौते यानि एसोसिएशन एग्रीमेंट को निलंबित करना चाहिए। गाजा युद्ध ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में मतभेद बढ़ा दिए हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड जैसे देशों में यह मसला राजनीतिक गठबंधनों को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इजरायल और यूरोप के बीच सैन्य, व्यापारिक और शैक्षणिक रिश्ते अब भी काफी मजबूत बने हुए हैं। बेल्जियम की घोषणा पर इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश हमास के बहकावे में आ रहे हैं और अंतत: उन्हें भी आतंकवाद का सामना करना पड़ेगा। उनके अलावा इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भी संभावित प्रतिबंधों की जद में आ सकते हैं। दूसरी ओर, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है, जिससे इजरायल पर कूटनीतिक दबाव और बढ़ गया है। आस्ट्रेलिया, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की इच्छा जताई है, लेकिन वे इसे फलस्तीनी प्राधिकरण के सुधारों पर निर्भर बता रहे हैं।

जल त्रासदी



नई दिल्ली। देश की राजधानी में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद लोहा पुल पर भरे पानी के बीच से गुजरते रिक्शा चालक।

## बाढ़ का पानी टबों और बर्तनों में जमा करें: पाक मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब बाढ़ से 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और एक हजार से ज्यादा गांव पानी में डूब गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बाढ़ से निपटने के लिए एक अजीब सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि लोग बाढ़ का पानी नालियों में बहाने की बजाय इसे अपने घरों में टबों या बर्तनों में जमा करें। पाकिस्तान के न्यूज चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा: जो लोग बाढ़ का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह पानी अपने घर ले जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को इस पानी को टबों और बर्तनों में रखना चाहिए। हमें इस पानी को

पाक को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, वो जल्दी तैयार हो सकें

आशीर्वाद मानकर जमा करना चाहिए। आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, जो जल्दी तैयार हो सकें। पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 770 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 990 से ज्यादा घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं।

## अजरबैजान के राष्ट्रपति का भारत पर आरोप

**तियानजिन।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह, अजरबैजान की पाकिस्तान से नजदीकी का बदला वैश्विक मंचों पर ले रहा है।

यह बयान उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात में दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत नेएससीओ की सदस्यता के लिए अजरबैजान की दावेदारी को खारिज कर दिया था। इसके पीछे उसकी पाकिस्तान से नजदीकी को वजह बताया जा रहा है। दरअसल मई में आपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। अलीयेव ने कहा कि भारत के रुख के बावजूद उनका देश

पाकिस्तान से संबंधों का बदला ले रहा, रिपोर्ट: भारत ने अजरबैजान की एससीओ में एंट्री रोकी

पाकिस्तान के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देता है। पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने भारत के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान अजरबैजान के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। आपरेशन के बाद अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और भारत के एक्शन की निंदा की।

## रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने 15 सितम्बर, 2025 से 14 सितम्बर, 2026 तक सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त नीति का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिक जो व्यापार, पर्यटन, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने या 30 दिनों से अधिक समय के लिए चीन आते हैं, वे बगैर वीज़ा के चीन में प्रवेश कर सकते हैं। गुओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच लोगों के आने-जाने को सुगम बनाने को बहुत महत्व देता है और द्विपक्षीय लोगों के बीच आने-जाने को मजबूत करने का समर्थन करता है।

# अमेरिका को नागवार गुजरा मोदी, पुतिन और जिनपिंग का मिलन

## मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक: पीटर नवारों

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल



ट्रम्प के सलाहकार ने कहा: उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए, यूएस वित्त मंत्री बोले: एससीओ बैठक दिखावा

रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मास्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। चीन के तियानजिन मेंएससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए।

## जिनपिंग व उज्बेक राष्ट्रपति शावकत की हुई मुलाकात

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 (एससीओ) में शामिल होने के लिए चीन आए उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मंगलवार को मुलाकात हुई।

इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि चीन उज्बेकिस्तान की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा में उसका समर्थन करता है। मिर्जियोयेव एससीओ के साथ ही जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरणोत्सव में भी भाग लेंगे। जिनपिंग ने कहा कि चीन विकास रणनीतियों के समन्वय

एससीओ सम्मेलन 2025 में शामिल होने चीन आए हैं शावकत मिर्जियोयेव

में तेज़ी लाने, चीन-किर्गिज़स्तान-उज्बेकिस्तान रेलवे परियोजना के निर्माण को आगे बढ़ाने, संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान, हरित ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गरीबी उन्मूलन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिए उज़्बेकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि साथ ही चीन सांस्कृतिक, शैक्षिक, पर्यटन और स्थानीय आदान-प्रदान का विस्तार भी करेगा।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ट्रम्प को घेरा

### टैरिफ को लेकर कहा: भारत को रूस से दूर करने के प्रयास ध्वस

**वाशिंगटन।** टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ही घर में घिरते नजर आ रहे हैं। अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति ने भारत को रूस से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक्स पर पोस्ट में बोल्टन ने ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टैरिफ नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा



ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया

कि पश्चिम ने दशकों से भारत को रूस से दूर करने की कोशिश की है और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कूटनीतिक कदमों को व्यापक रणनीतिक संदर्भ में देखने की अनिच्छा ने शी जिनपिंग को पूर्व को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है। जान बोल्टन एक पूर्व अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2018-19) के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने विदेश नीति पर ट्रम्प के साथ मतभेदों को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोल्टन की टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद आई है।

## वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे पश्चिमी देश

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि कि वे अपने विरोधी देशों को दबाने के लिए डॉलर पर अपनी पकड़ का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा प्रतिबंधों, आयात शुल्क और अन्य माध्यमों से अपने विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं।

यह जानकारी रूसी समाचार एजेंसी तास ने मंगलवार को दी। तास की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने टिप्पणी किया कि पश्चिम एक नई बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के उदय का विरोध कर रहा है तथा इसे रोकने की हरसंभव कोशिश कर रहा है यहां तक कि बातचीत एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रत्यक्ष ब्लैकमेल, दबाव एवं

विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं पश्चिमी देश: लावरोव

प्रतिबंधों का सहारा ले रहा है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी प्रसारक वीजीटीआरके के टेलीग्राम चैनल पर एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिमी देश वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा अपने आसपास के सभी देशों पर टैरिफ युद्ध थोप रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी चीन के तियांजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन तथा भारतीय, चीनी और रूसी राष्ट्राध्यक्षों के बीच त्रिपक्षीय बैठक के दौरान की है जिनमें सभी ने अमेरिकी आयात शुल्क के विरोध में सामूहिक विरोध की भावना व्यक्त की।

## नेस्ले CEO की नौकरी गई, कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे

### एस्ट्रोनामर सीईओ भी एचआर के साथ रोमांस करते वायरल हुए थे, इस्तीफा देना पड़ा

**मुंबई।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर (सीईओ) लारेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है। कंपनी ने सोमवार को एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी।

इसमें बताया कि फ्रीक्स ने इस रिश्ते की जानकारी भी कंपनी को नहीं दी। यह नियमों का उल्लंघन है। कंपनी ने अब उनकी जगह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और नेस्ले के काफी स्ट्रैटजिक बिजनेस यूनिट के हेड फिलिप नवरातिल को नया सीईओनियुक्त किया है। नेस्ले ने कहा कि फ्रीक्स को निकालने का फैसला एक जांच के बाद लिया गया, जिसमें पता चला कि उनका अपनी डायरेक्ट सबआर्डिनेट (पीए) के साथ रोमांटिक रिश्ता था। इस जांच को कंपनी के चेयरमैन पाल बल्के और लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पाब्लो



मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं: पाल बल्के

इस्ला ने देखा, जिसमें बाहर के वकीलों की भी मदद ली गई। पाल बल्के ने कहा कि ये फैसला जरूरी था। नेस्ले के मूल्य और नियम हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं। लारेंट फ्रीक्स को पिछले साल ही चीफ एग्जीक्यूटिव बनाया गया था। उस समय नेस्ले का स्टाक 2022 की शुरुआत के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत गिर गया था। उस वक्त यूरोप और अमेरिका में वेट-लास ड्रग्स की वजह से लोगों की खाने की आदतें बदल रही थीं। फ्रेक्स ने कंपनी में करीब 40 साल काम किया था और मार्क नाइडर की जगह ली थी। नए सीईओने कहा: कंपनी के काम को सपोर्ट करूंगा। फिलिप नवरातिल के कंपनी का नया सीईओबनाया गया है। उन्होंने 2001 में नेस्ले में इंटरनल आडिटर के तौर पर शुरुआत की थी और 2009 में नेस्ले होंडुरस के कंट्री मैनेजर बने। 2013 में उन्होंने मेक्सिको में कंपनी के काफी और बेवरेज बिजनेस को संभाला। पिछले साल वे नेस्ले नेस्प्रेसो के चीफ एग्जीक्यूटिव बने और इस साल एग्जीक्यूटिव बोर्ड में शामिल हुए थे। नवरातिल ने कहा कि मैं कंपनी की स्ट्रैटजिक दिशा और परफार्मेंस को बेहतर करने के प्लान को पूरी तरह सपोर्ट करता हूं।

## ऑस्ट्रेलिया में अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों पर लगेगा प्रतिबंध

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया की सरकार ने मंगलवार की घोषणा की है कि वह अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों को प्रतिबंधित करने जा रही है, इनमें एआई टूल भी शामिल हैं, जो अश्लील चित्र बनाने की क्षमता रखते हैं।

संचार मंत्री एनिका वेल्स ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि छिपे हुए ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके। ये टूल्स और ऐप्स स्पष्ट रूप से अश्लील डीपफेक सामग्री बना सकते हैं। सुवेल्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक के लिए एक जगह है, लेकिन ऐसे किसी भी ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है, जिनका उपयोग केवल लोगों, विशेषकर हमारे बच्चों को हानि पहुंचाने वाले, अपमानित करने और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम इस पर कार्रवाई किए बिना नहीं रह सकते। अपमानजनक तकनीकें व्यापक रूप से और आसानी से उपलब्ध हैं और अब वास्तविक और अपूरणीय क्षति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूदा कानूनों की पूरक होगी, जो पीछा करने और यौन सामग्री के बिना सहमति के वितरण पर रोक लगाती है। नए कानून भी अपमानकारी टूल तक पहुंच को सीमित करने की ज़िम्मेदारी तकनीकी कंपनियों पर डालेंगे। संघीय सरकार की ई-सुरक्षा आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट ने जून में कहा था कि पिछले 18 महीनों में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों की डिजिटली बनाई गई अंतरंग तस्वीरों की घटनाओं की संख्या पिछले सात सालों की तुलना में दोगुनी हो गई है।

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108